RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 22 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 311 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

सुबह 10 बजे से गूंजेगी मंगलध्वनि, 84 सेकंड के शुभ मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में रामलला के आगमन की घड़ी नजदीक है। आज सोमवार (22 जनवरी) को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरी नगरी को आध्यात्मिक रंग देकर सजाया गया है। पूरे मंदिर परिसर की छंटा देखती ही बन रही है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकप्रिय क्रिकेटर, मशहूर हस्तियां, उद्योगपति, संत और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों न्योता मिला है। अब भारत समेत दुनिया की नजरें प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक घड़ी पर टिकी हुई हैं। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिए न्यूनतम विधि-अनुष्ठान रखे गए हैं। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रातः काल 10 बजे से 'मंगल ध्वनि' का भव्य वादन होगा। विभिन्न राज्यों से 50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्र लगभग दो घंटे तक इस शुभ घटना का साक्षी बनेंगे।

10:30 बजे तक मेहमानों को करना होगा प्रवेश

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले अतिथियों का आगमन शुरू हो जाएगा। मेहमानों को 10:30 बजे तक रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश करना होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने बताया कि उसके द्वारा जारी की गई प्रवेशिका के जरिए ही प्रवेश संभव है। केवल निमंत्रण पत्र से आगंतुक प्रवेश नहीं कर पाएंगे। प्रवेशिका पर बने क्यूआर कोड के मिलान के बाद ही परिसर के प्रवेश मिलेगा। ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर प्रवेशिका का एक प्रारूप भी साझा किया है।

प्राण प्रतिष्ठा की विधि दोपहर 12:20 बजे से शुरू

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की विधि 22 जनवरी को दोपहर 12:20 बजे शुरू होगी। प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा अभिजीत मुहूर्त में की जाएगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय काशी के विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने निकाला है। यह कार्यक्रम पौष माह के द्वादशी तिथि (22 जनवरी 2024) को अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश में होगा।

आधे दिन बंद रहेंगे केंद्रीय कार्यालय और बैंक

केंद्र सरकार ने रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को पूरे देश में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों को दोपहर 2.30 बजे तक आधे दिन के लिए बंद रखने की घोषणा की है। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बीमा कंपनियां, वित्तीय संस्थान और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भी आधे दिन बंद रहेंगे। इनके कर्मचारी भी उत्सव में भाग ले सकें, इसलिए यह निर्णय लिया गया है।

84 सेकंड का शुभ मुहूर्त

शुभ मुहूर्त दिन के 12 बजकर 29 मिनट और 08 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड तक का रहेगा। यानि प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त केवल 84 सेकंड का है। पूजा-विधि के जजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह अनुष्ठान काशी के प्रख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ और आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में 121 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे। इस दौरान 150 से अधिक परंपराओं के संत-धर्माचार्य और 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तटवासी, द्वीपवासी, जनजातीय परंपराओं की भी उपस्थिति होगी।

प्राण प्रतिष्ठा पूरा होने के बाद संबोधन

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का पूरा कार्यक्रम दोपहर एक बजे तक पूरा हो जाएगा। सभी पूजा-विधि समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत संदेश देंगे। वहीं श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।

चार घंटे अयोध्या में रहेंगे पीएम मोदी : पीएम मोदी सोमवार को चार घंटे अयोध्या में रहेंगे। सुबह 10:25 बजे अयोध्या एयरपोर्ट और 10:55 पर राम जन्मभूमि पहुंचेंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के बाद एक बजे प्रस्थान कर सभा को संबोधित करेंगे। 2:10 पर कुबेर टीला के दर्शन कर दिल्ली लौट जाएंगे।

शाम में होगा दीप प्रज्वलन

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पूर्ण होने के उपरांत 'राम ज्योति' प्रज्वलित कर दीपावली मनाई जाएगी। शाम को अयोध्या 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। इसके साथ ही मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्वलित की जाएगी। अयोध्या सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। रामलला, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

दोपहर बाद खुलेंगे सरकारी दफ्तर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 22 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे तक छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय संस्थानों में अवकाश की घोषणा भी की है। राज्य सरकार की ओर से प्राण प्रतिष्ठा के दिन ड्राई-डे घोषित किया गया है। शराब दुकानों को भी 22 जनवरी को बंद रखने का आदेश है। आबकारी विभाग की टीम इसकी जांच करेगी कि कोई दुकान खुली न रहे। वहीं मांस मटन की दुकानें भी बंद रहेंगे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का पूरा शेड्यूल

- सुबह 10 बजे- मंगल ध्वनि
- सुबह 10.30 बजे - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचेंगे
- सुबह 11 बजे - अतिथि आएंगे
- सुबह 11.30 से 12.30 - गर्भ गृह में पूजा
- दोपहर 12.30 बजे - मुख्य अतिथियों का भाषण
- दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक- अतिथि रामलला के दर्शन कर सकेंगे
- दोपहर 2:15- पीएम मोदी कुबेर टीला पर शिव मंदिर में पूजा करेंगे

प्राण-प्रतिष्ठा पर ननिहाल होगा राममय : अयोध्या में आज (22 जनवरी) को रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होना है। इसे उत्सव के रूप में मनाने के लिए भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी तैयारी पूरी कर ली गई है। 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में आधे दिन की छुट्टी दी गई है। इसके अलावा कई मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट दिखाया जाएगा।

आज बेबाक

आतंक का परियाय बन चुका पाकिस्तान अब रो रो कर यह गा रहा है- दोस्त दोस्त न रहा प्यार प्यार न रहा ऐ जिंदगी हमे तेरा ऐतबार न रहा। पाकिस्तान का पड़ौसी मुल्क ईरान जो कल तक उसका जिगरी दोस्त था अब जानी दुश्मन बन गया है। ईरान ने पाकिस्तान में घुसकर उसको ठोक दिया है। पॉव किलो का परमाणु बम रखने का दम भरने वाला पाकिस्तान अब ईरान को गिदड़ भभकी दे रहा है। ईरान पर पाकिस्तान ने पलटवार कर अपनी बची कुची इज्जत बचाने की कोशिश जरूर की है लेकिन उसे इस हिमाकत की भारी कीमत चुकानी पडेगी।

कार्यक्रम... दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के समापन में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, छग के विधायकों को दिए टिप्स

नियमों का ज्ञान और व्यवहार प्रभावी विधायक बनने के गुण : शाह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के समापन सत्र में रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित विधायकों को सफल एवं प्रभावी विधायक बनने के गुर बताए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मतदाता से जीवंत संपर्क, नियम प्रक्रियाओं का पूरा ज्ञान, व्यवहार कुशलता, मृदुभाषिता एवं सदन में संयमित भाषा से ही कोई भी सदस्य प्रभावी विधायक के रूप में अपनी पहचान बना सकता है। उन्होंने विधायकों से कहा कि अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। अपने विधानसभा क्षेत्र में विरोधियों के प्रति भी अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। इस बात पर चिंता व्यक्त की कि विधानसभा का सबसे महत्वपूर्ण कार्य कानून बनाना होता है, लेकिन उस समय सभा में विधायकों की उपस्थिति सबसे कम होती है। सदस्यों को अपनी बात सभा में पूरे विश्वास एवं प्रमाणिकता के साथ उठानी चाहिए। प्रभावी विधायक होने के लिए किसी भी विधायक के तीन प्रमुख दायित्व होते हैं। क्षेत्र का दायित्व, पार्टी के प्रति दायित्व तथा राज्य की प्रगति एवं विकास का दायित्व। विधायक अगले चुनाव में पार्टी के उम्मीद्वार के रूप में जीत

हासिल करे यह भी उसका महत्वपूर्ण दायित्व होता है। अधिकारियों के साथ जन प्रतिनिधियों का संघर्ष नहीं होना चाहिए, नियम और प्रक्रिया के तहत उनसे चर्चा करके समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। एक अच्छे विधायक को संवेदनशील होना चाहिए उसमें तत्परता कुशलता, उत्सुकता एवं जिज्ञासा भी होनी चाहिए, उसे क्षेत्र में लोक संपर्क के साथ-साथ विधायी दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम के पूर्व अमित शाह ने विधानसभा परिसर में ''रूद्राक्ष'' का पौधा भी लगाया। प्रबोधन कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, संसदीय कार्यमंत्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्रीगण, सदस्यगण एवं विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा उपस्थित थे।

लोकतंत्र की आत्मा होते हैं प्रश्न

प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने प्रश्नकाल के बारे में बताया। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने विधायकों को बजट, बजट बनाने की प्रक्रिया, उसके प्रकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अजय चंद्राकर ने नवनिर्वाचित विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रश्नों में बहुत ताकत होती है। ये लोकतंत्र की आत्मा होते हैं। उन्होंने प्रश्नों के प्रकार तारांकित, अतारांकित और अल्प सूचना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एक दिन में विधायक अधिकतम चार प्रश्न पूछ सकते हैं। इसके लिए उन्हें 21 दिन पूर्व प्रश्न की सूचना देनी होती है।

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

रोम रोम में बसने वाले राम...

जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

अंतरिक्ष से कितना भव्य दिखता है राम मंदिर, इसरो ने जारी की अयोध्या की तस्वीर

नई दिल्ली। अयोध्या का राम मंदिर परिसर अंतरिक्ष से कैसा दिखता है? इसरो के राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर ने रविवार को इसकी तस्वीरें शेयर कीं। ये फोटोज स्पेस एजेंसी ने स्वदेशी उपग्रहों से कैप्चर किए हैं। इनके जरिए एक तरह से अंतरिक्ष से भव्य राम मंदिर का दर्शन किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह पहली बार है जब अंतरिक्ष से राम मंदिर की तस्वीर ली गई है। ISRO की ओर से जारी की गई तस्वीरों में राम मंदिर के साथ ही अयोध्या का बड़ा हिस्सा देखा जा सकता है। इनमें रेलवे स्टेशन भी नजर आ रहा है।

राम मंदिर के दाहिनी ओर दशरथ महल बना है, उसे भी फोटो में देखा जा सकता है। इनमें सरयू नदी और उसका किनारा भी खूबसूरत दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये तस्वीरें करीब एक महीने पहले 16 दिसंबर, 2023 को ली गई थीं। मगर, इसके बाद सेटेलाइट से फोटो नहीं ली जा सकी क्योंकि कोहरा बहुत ज्यादा था।

फूलों और रोशनी से सज गई अयोध्या

बता दें कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस समारोह के लिए अयोध्या स्थित राम मंदिर को इस भव्य आयोजन के लिए पुष्पों और विशेष रोशनी से सजाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भगवान राम की नई मूर्ति गुरुवार की दोपहर राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में रखी गई। मैसूर स्थित मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई 51 इंच की रामलला की मूर्ति को ट्रक से यहां लाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य गणमान्य अतिथि 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।

मालूम हो कि भारत के पास अंतरिक्ष में 50 से ज्यादा उपग्रह हैं। अगर इसकी क्षमता की बात करें तो ये एक मीटर से कम आकार की वस्तु की भी साफतस्वीर ले सकती हैं।

रामलला विराजमान हो रहे हैं, अब कटुता व भेदभाव मुक्त समाज के पुनर्निर्माण हेतु जुटें : आलोक कुमार

अयोध्या। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष श्री आलोक कुमार ने आज कहा है कि अयोध्या में 500 वर्ष के संघर्ष के उपरांत भगवान राम लाल के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव है। वैश्विक हर्ष के समय में पुरानी कटुता, भेदभाव और मनमुटाव को भुलाकर एक समरस और एकाकार हिंदू समाज के नव निर्माण के लिए हमें आगे बढ़ना होगा। उन्होंने आज एक विडियो संदेश के माध्यम से कहा कि श्री राम जन्मभूमि पर राम जी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सोमवार हो जाएगी। मुगलों, अंग्रेजों और उसके उपरांत स्वाधीन भारत की अपनी ही सरकारों से, कुल मिलाकर 500 वर्षों संघर्ष हुआ है। अब तो राम जी विराजमान हो रहे हैं। अभियान सफल हुआ है। अब यह समय है आगे देखने का, बीती ताहि बिसारने का। अपने ही दांतों से यदि जीभ कट जाए तो क्या कोई दातों को तोड़ता है! इसलिए जो कटुता का समय था, उसे भुलाकर पूरे समाज के साथ एक समरस वातावरण बना कर आगे बढ़ें। राम जोड़ने वाले हैं, राम संभालने वाले हैं। इसलिए इस प्राण प्रतिष्ठा का संदेश यही होगा कि समाज में पुरानी कटुताएँ और संघर्ष भूल कर सबको साथ लेकर हम आगे बढ़ें । पिछले को याद ना करते हुए नवनिर्माण की दृष्टि से पूरे विश्व में सुख और सौख्य बांटने की दृष्टि से अब पूरा समाज लगे, यही प्रार्थना इस अवसर के लिए उचित होगी।

इस्लाम के राम

मिर्ज़ापुर(यूपी)। मुस्लिम हो कर भी पिछले 35 सालों से भगवान राम का रामचरित मानस का पाठ कर रहे मोहम्मद इस्लाम। रामलीला में रामचरित मानस का पाठ करते है लोग अपने घरों में उन्हें रामचरित मानस का पाठ करवाने के लिए बुलाते है। मोहम्मद इस्लाम अयोध्या में हो रहे भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से बेहद खुश है कहते है कि यह मंदिर बहुत पहले ही बना जाना चाहिए था। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या भगवान राम के दर्शन के लिए जायेगे। उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर के पहाड़ी ब्लाक के धर्मदेवा ग़ांव के रहने वाले मोहम्मद इस्लाम मुस्लिम होते हुए भी भगवान राम की उपासना करते हुए रामचरित मानस का पाठ करते है।उन्हें मानस पाठ करते देख कोई समझ ही नही पता की वह मुस्लिम है।इसकी शुरुआत बचपन से तब हुई जब वह गांव में अपने साथियों के साथ सुंदर कांड का पाठ करने जाते थे।उनका मन रामचरित मानस के पाठ में ऐसा रमा की गांव में होने वाले रामलीला में गांव वालों ने उन्हें मानस का पाठ करने के लिए व्यास की भूमिका दे दी।इसके बात तो उन्हें लोग अपने घरों में रामचरित मानस का पाठ करने के व कीर्तन में बुलाने लगे।इस्लाम अपने साथियों के साथ हिन्दू परिवार के घरों में जाते है रामचरितमानस का पाठ करते है।दशकों से रामचरित मानस का पाठ करने के कारण अब उन्हें यह पूरी तरह से कंठस्त भी हो गया है।अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बेहद उत्साहित है मोहम्मद इस्लाम का कहना है कि भगवान का यह मंदिर बहुत पहले ही बन जाना चहिए था। 22 के बाद भगवान का दर्शन करने अयोध्या जरूर जाएगे।

कैदियों की अनोखी पहल, ग्वालियर जेल में होगी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा

ग्वालियर (ए.)। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर में उत्सव का माहौल है। हर राज्य से कुछ न कुछ सौगात अयोध्या भेजी जा रही है। देश के अलग-अलग हिस्सों में लोग भंडारा, कीर्तन और रैली का आयोजन कर रहे हैं। इसी से जुड़ी एक बेहद खास खबर ग्वालियर सेंट्रल जेल से सामने आई है। 22 जनवरी यानी कल जब अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा, उसी समय ग्वालियर जेल में भी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इतना ही नहीं, यहां के कैदी 'राम नाम कॉपी' लिख रहे हैं और उसे अयोध्या भेजेंगे। जेल के अंदर बने मंदिर में भजन, कीर्तन और जाप चल रहा है। एक तरफजहां अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी इस अवसर पर ग्वालियर की केंद्रीय जेल में भी भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए जेल में एक नया मंदिर भी बनाया गया है इसके अलावा इसी मंदिर के साथ-साथ जेल के दूसरे सेक्टर में मां भगवती के लिए भी एक नया मंदिर बनाया गया है जिसमें मां दुर्गा की भी प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दौरान मंदिर में पूरा भक्ति में माहौल देखने को मिल रहा है। कैदी भजन कीर्तन करने में लगे हुए हैं।

पाहुन श्रीराम के गृहप्रवेश पर खुशी में डूबी माता सीता की नगरी

सीतामढ़ी (ए.)। अयोध्या में भव्य राम मंदिर 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। पाहुन श्रीराम के गृहप्रवेश को लेकर माता जानकी की धरती पर उत्साह परवान पर है। हर घर में बेटी के गृहप्रवेश के अवसर पर दीपावली की तरह घरौं और मंदिरों को सजाया जा रहा है। प्रत्येक घरों में छतों पर पताका लगाने की तैयारी की जा रही है। पूरे शहर से लेकर गांव तक को ध्वज से सजाने की तैयारी है। इसको लेकर शहर में इसकी बिक्री काफी बढ़ गई है। श्रीराम परिवार या बजरंगबली की तस्वीर वाले पताका की बिक्री अधिक होने के कारण यह थोक बाजार से गायब होने लगा है।

शहर से लेकर गांव तक हर चौक चौराहे पर श्रीराम पताका, हनुमान के भगवा ध्वज की दुकानें सज गई है। शहर के गांधी चौक, शंकर चौक, जानकी स्थान, डुमरा शंकर चौक, बड़ी बाजार समेत हर चौक पर दुकानें सजी है। शहर स्थित झंडा के थोक विक्रेता प्रदीप कुमार कहते हैं कि दिल्ली व कोलकाता से झंडे मंगवाए गए हैं। बाजार में 50 रुपये से 350 रुपये तक का श्रीराम ध्वज उपलब्ध है। बड़े साइज के झंडों की जिले में सबसे अधिक डिमांड हो रही है। जिले में पिछले डेढ़ महीने में 80 हजार से अधिक श्रीराम पताका की बिक्री हो चुकी है। सामाजिक संगठनों और आम आदमी भी थोक के भाव में झंडा खरीद कर रहे हैं।

अयोध्या के गर्भगृह में मौजूद रहेंगे जिले के छह साधु-संत

अयोध्या में भगवान राम के गर्भगृह में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सीतामढ़ी के छह साधु-संतों को भी विधिवत बुलावा आया है। प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान सीतामढ़ी सभी छह साधु-संत गर्भगृह में पूजा अर्चना में सहभागी बनेंगे। वहां से निमंत्रण प्राप्त होते ही कई महंत अयोध्या के लिए रवाना हो गए हैं। बता दें कि इससे पहले विश्व हिन्दू परिषद की ओर से मिथिला क्षेत्र के आठ महंतों को 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण प्राप्त हुआ था।

इसके लिए आमंत्रण पत्र श्रीराम जन्मभूमि न्यास तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के महासचिव चंपत राय की ओर से भेजा गया है। यह निमंत्रण पत्र जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम के श्री महंत कौशल किशोर दास समेत छह संतों को भी इसमें शामिल होने का न्योता दिया गया है। बाजार समिति के महंत राज नारायण दास ने बताया कि उनके अलावा भवदेपुर के महंत राम उदास दास, पुनौराधाम के महंत श्री कौशल किशोर दास, विहिप के केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल सदस्य व संत समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भूषण दास, डुमरी के महंत गोपाल दास समेत एक अन्य महंत को निमंत्रण डाक के माध्यम से कोड युक्त प्राप्त हुआ है।

सुप्पी घर-घर जाकर बांटा पूजित अक्षत

सुप्पी प्रखंड की घरवारा पंचायत में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत का वितरण किया गया। अयोध्या धाम का पूजित अक्षत घर-घर पहुंचते ही लोग उल्लास से भर गये। भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि घरवारा, अम्बा खुर्द, नरकटिया, दादनचक, सोनौल सुब्बा गांवों में पूजित अक्षत का वितरण किया गया।

शंकर चौक के मंदिर में होगी प्राण-प्रतिष्ठा

22 जनवरी को शहर के प्रसिद्ध शंकर चौक स्थित शंकर मंदिर में भी प्रभु श्रीराम जानकी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा बी जाएगी। इसके लिए राम दरबार की झांकी निकाली जाएगी। इसको लेकर विश्व हिन्दु परिषद् के बैनर तले शुक्रवार को डॉ. वसंत मिश्रा के नेतृत्व में तैयारी समिति की बैठक की गयी। इसमें झांकी व रामोत्सव की तैयारी की समीक्षा की गयी। पूजा -अर्चना के बाद झांकी निकाली जाएगी। अध्यक्षता संगठन के जिला समिति के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने की। मौके पर अभिषेक मिश्रा, नगर पार्षद अमृतेष मिश्रा उर्फसोनु,सोनू सरावगी, विनय कुमार, अरविंद कुमार, रतन सिंह, राकेश कुमार झा, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

बाजपट्टी मंदिर परिसर की हुई सफाई

प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सीतामढ़ी के सभी प्रखंडों में सफाई अभियान चलाया। अभियान के क्रम में हुमायूंपुर शक्ति केंद्र के पहाड़पुर रामजानकी मंदिर के परिसर की साफसफाई की गई। अभियान में दक्षिणी मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्र, विस विस्तारक रवि कुमार दुबे, महामंत्री चुल्हाई राय, कोषाध्यक्ष नारायण साह, शक्ति केंद्र प्रमुख प्रमोद महतो आदि ने भाग लिया।

जानकी मंदिर परिसर में होगा भव्य रामोत्सव

अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जानकी स्थान प्रांगण में जानकी प्राकट? स्थली तीर्थ क्षेत्र रजत द्वार के बैनर तले दो दिवसीय राम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसे भव्य बनाने के लिए शुक्रवार शाम समिति के अध्यक्ष विजय स्वर्णकार की अध्यक्षता में बैठक हुई। समिति के महासचिव सुवंश राय, चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष देवेंद्र साह, संजय पप्पू, महंथ मनमोहन कौशिक, अरविंद कुमार आदि ने बताया कि 21 जनवरी की सुबह मंदिर परिसर में अष्टयाम शुरू होगा। दोपहर में झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। शाम में स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। अगले दिन 22 जनवरी की दोपहर में मंदिर परिसर में महाआरती की जायेगी। इसके बाद साधु-संतों के बीच भंडारा और उर्विजा कुंड के चारों ओर दीपोत्सव किया जाएगा।

हीरे का खास हार, 108 फीट लंबी धूपबत्ती

- **राम मंदिर को मिले बेहद खास तोहफे; 1265 किलो का लड्डू भी**

नई दिल्ली (ए.)। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कल यानी 22 जनवरी को होने वाली है। इससे पहले यहां पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। अनुष्ठान और पूजा पाठ का दौर भी लगातार चल रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां पहुंचने का शिड्यूल भी जारी हो चुका है। इस बीच देश और दुनिया से भगवान राम के लिए तरह-तरह के उपहार आ रहे हैं। आइए आज आपको चार ऐसे ही उपहारों के बारे में बताते हैं, जो बेहद खास हैं।

108 फीट लंबी धूपबत्ती

श्रीराम मंदिर के लिए आए तमाम तोहफों में यह बेहद खास है। वड़ोदरा में एक 108 फीट लंबी धूपबत्ती तैयार की गई है। इसका

वजह 3500 किग्रा है। इस धूपबत्ती को बनाने में छह महीने का समय लगा और इसकी कीमत 5 लाख रुपए है। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व इसे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महंत नृत्य गोपाल दास द्वारा जलाया गया। इसको बनाने में गाय के गोबर, घी, खुशबू, हर्ब्स और फूल के पत्तियों का इस्तेमाल किया गया है। बताया जाता है कि यह एक महीने तक जलती रहेगी। यह भी दावा किया गया है कि इसकी खुशबू 50 किमी दूर तक पहुंचेगी।

आज आयोध्या में 4 घंटा बिताएंगे प्रधानमंत्री मोदी

- अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम
- सुबह 10.25 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे पीएम
- सुबह 10.45 बजे अयोध्या हेलीपैड पर पहुंचेंगे पीएम
- सुबह 10.55 बजे श्रीराम जन्मभूमि पहुंचेंगे पीएम मोदी
- सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक समय आरक्षित
- दोपहर 12.05 बजे से 12.55 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा में रहेंगे
- 12:55 बजे पूजा स्थल से रवाना होंगे पीएम मोदी
- दोपहर 1 बजे सार्वजनिक समारोह स्थल पहुंचेंगे पीएम
- दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक सार्वजनिक समारोह रहेंगे पीएम
- अयोध्या में एक सार्वजनिक समारोह में भाग लेंगे पीएम
- 2.10 बजे कुबेर टीला के दर्शन करेंगे पीएम मोदी.

ऐसा बैंक जहां पैसा नहीं सीताराम के नाम का जमा होता है खाता

रमेश निवल (बालू)

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में एक ऐसा बैंक हैं, जहां पैसे नहीं बल्कि 'सीताराम' की कॉपियां जमा होती है। लगभग 100 वर्ष पूर्व बाबा झाड़ू राम एक पीपल के वृक्ष के नीचे पूजा पाठ तंत्र मंत्र एवं जाप किया करते थे। यहां पंचमुखी हनुमान जी का मंदिर है। यहां बगल में एक छोटी सी नदी बहती है। एक सिद्ध पीठ मंदिर जिसे शिव हनुमान मंदिर कहते हैं। यही सीताराम बैंक के नाम से एक बैंक संचालित होता है। यहां आसपास के गांव के भक्त भी सुबह शाम कॉपियां में सीताराम राम-राम लिखने के लिए आते हैं। एक पन्ने में आगे पीछे मिलाकर 2016 बार सीताराम राम राम लिखते हैं और ऐसे हजारों लाखों सैकड़ो सीताराम राम-राम लिखे पन्नों को बंडल बनाकर सीताराम बैंक में जमा किया जाता है। बंडल की संख्या

अत्यधिक मात्रा में हो जाती है तो इस सीताराम राम-राम लिखे बंडल को अयोध्या में जमा करने भेजा जाता है यह परंपरा लगभग 35 वर्षों से अनवरत चली आ रही है।

बैंक खोलने का ऐसे आया विचार

पुजारी रामकुमार के पिता ठुबू लाल साहू , कुमार साहू और दुर्गा शरण गुप्ता एवं अन्य जो यहां बैठकर कोरे कागज पर राम-राम लिखा करते थे लिखे हुए पन्नों को एकत्र कर जमा कर रखने के लिए उन्होंने बैंक खोलने का निर्णय लिया एवं उस बैंक का नाम सीताराम बैंक रखा। राजकुमार ने कहा यहां आसपास के गांव के दूर दराज के भक्तजन आकर राम राम सीता राम का जाप करते हैं एवं लिखते हैं और जिन लोगों के पास समय का अभाव रहता है वह अपने घर ले जाकर लिखकर इस बैंक मैं जमा करते हैं। पूरन लाल ने बताया कि वह लगभग 16 वर्षों से यहां रोज राम-राम सीताराम का जाप एवं लिखने के लिए आते हैं आगे बताया कि लिखने के लिए अगर पन्ना खत्म हो जाता है तो वह अपनी तरफ से अपनी समर्थ के अनुसार हजार हजार पन्ना छपवाकर लोगों को लिखने के लिए देते हैं।

स्वामी रामभद्राचार्य की गवाही से सुप्रीम कोर्ट के जज भी रह गए थे चकित

नई दिल्ली (ए.)। अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार है। 22 जनवरी यानी कल भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। इस बात से सभी वाकिफ हैं कि अयोध्या के राम मंदिर के पीछे एक विशाल जन आंदोलन भी था। इस आंदोलन से कई बड़े नाम जुड़े, जिन्होंने मंदिर आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया। इनमें स्वामी रामभद्राचार्य भी शामिल हैं जिन्होंने दिव्यांग होकर भी लोगों के मन में राम भक्ति की ज्योति को जलाए रखा। राम जन्मभूमि मामले में स्वामी रामभद्राचार्य की गवाही भी काफी चर्चित है। उनकी इस गवाही की वजह से फैसला करने वाले जज भी चकित रह गए थे।

जैमिनीय संहिता का उदाहरण दे बताया सटीक स्थान

सुप्रीम कोर्ट में राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद मामले के दौरान स्वामी रामभद्राचार्य ने गवाही दी थी, जो सुर्खियों का हिस्सा बन गई। उन्होंने वेद-पुराण के आधार पर जो गवाही दी उससे कोर्ट के जज भी चकित रह गए। श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में रामभद्राचार्य वादी के तौर पर उपस्थित हुए थे। उन्होंने सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद की जैमिनीय संहिता से उदाहरण दिया था। रामभद्राचार्य ने जैमिनीय संहिता के तहत सरयू नदी के स्थान से विशेष दिशा की ओर बिल्कुल सटीक जन्मस्थान का ब्योरा दिया था।

बताई थी राम जन्मभूमि की सटीक जगह

मंदिर के लिए व्याकुल हैं रामभद्राचार्य

राम जन्मभूमि के लिए संघर्ष करने और लाठी तक खाने वाले पद्म विभूषण से सम्मानित तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य रामलला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की बात करते भावुक हो जाते हैं। हिन्दुस्तान से बातचीत में उन्होंने राम मंदिर के लिए अपने संघर्ष के दिनों को याद किया। राम मंदिर के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि वह इस शुभ घड़ी की प्रतीक्षा में थे। उन्होंने कहा, मेरी यह व्याकुलता वैसी ही है जैसी किसी पिता की अपने वर्षों से बिछड़े हुए पुत्र से मिलने की होती है।

चकित रह गए थे सुप्रीम कोर्ट के जज भी – रामभद्राचार्य की गवाही के बाद जब जज ने जैमिनीय संहिता मंगाई। जिन उदाहरणों का रामभद्राचार्य ने जिक्र किया था उसे जज ने खोलकर देखा। जज ने पाया कि सभी विवरण सही थे। जज ने पाया कि जिस स्थान पर श्रीराम जन्मभूमि संहिता में बताई गई थी, विवादित ढांचा भी ठीक उसी स्थान पर था। स्वामी रामभद्राचार्य की गवाही ने फैसले का रुख मोड़ दिया।

श्रीरामोत्सव

"राम मंदिर के निर्माण की यह प्रक्रिया राष्ट्र को जोड़ने का उपक्रम है।"
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

सप्तपुरियों में प्रथम श्रीअयोध्या धाम में
प्रभु श्रीराम के बाल रुप विग्रह का

प्राण प्रतिष्ठा समारोह

गरिमामयी उपस्थिति

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

आनंदीबेन पटेल	**डॉ. मोहनराव भागवत**	**योगी आदित्यनाथ**	**महंत नृत्यगोपाल दास**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश	सरसंघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ	मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश	अध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास

एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 22 जनवरी, 2024 | समय : अपराह्न 12:20 बजे | स्थान : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रीअयोध्या धाम

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

संपादकीय

नीतीश को लेकर अटकलों का बजार गर्म

बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को लेकरएक बार फिर अटकलो का बजार गर्म हो गया है। यह चर्चा सरगर्म है कि नीतीश कुमार पलटी मारने जा रहे है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में यह बयन दिश है कि एनडीए में शमिल रहे जो राजनीतिक दल अलग हो गए है यदि वे फिर से एनडीए में शामिल होने का प्रस्ताव रखते है तो उसपर भाजपा विचार करेगी। यदयपि अमित शाह ने सीधे जदयू का नाम नही लिया है लेकिन राजनीतिक गलीयारे में इसे लेकर यही कहा जा रहा है कि भाजपा ने नीतिश कुमार के लिए अपने बंद दरवाजे खोल दिये है। इसके बाद से बिहार की राजनीति में बवाल खडा हो गया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नीतीश कुमार से मिलने के लिए उनके घर पहुंच गए जहां उनकी बंद कमरे में लंबी चर्चा हुई है। इस बीच बिहार के भाजपा नेताओं ने बयान दिया है कि यदि नीतीश कुमार फिर से एनडीए का हिस्सा बनते है तो उनका स्वागत है। एनडीए में शामिल चिराग पासवान और जितनराम मांझी जो नीतीश कुमार के विरोधी रहे है उन्होने भी इसपर सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि नीतिश कुमार यदि फिर से एनडीए का हिस्सा बनते है तो उन्हे कोई आपत्ति नही होगी। इस तरह के बयान सामने आने के बाद यह माना जा रहा है कि नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बलने के लिए अपने पर तौल रहे है गौतलब है कि नीतीश कुमार जिन्होने आईएनडीआईए के गठन में अग्रणी भूमिका निभाई है वे इस गठबंधन का संयोजक न बनाये जाने और गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा न बनाये जाने से बुरी तरह असंतुष्ट है। हालांकि उनकी नाराजगी को भापते हुए उन्हे आईएनडीआईए का सुयोजक बनाने का प्रस्ताव कदया गया था लेकिन इसके साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को आईएनडीआईए का अध्यक्ष बनाने की कवायद भी की जा रही थी। यही वजह है कि नीतीश कुमार ने संयोजक बनने से यह कहकर इन्कार कर दिया था कि उन्हे किसी भी पद का कोई लालच नही है हकीकत तो यह है कि यदि गठबंधन में मल्लिकालर्जुन खड़गे को चेयर परशन बनाया जाता है तो संयोजक पद का कोई मतलब ही नही रह जाता। नीतीश कुमार अपनी उपेक्षा से बुरी तरह आहत बताये जाते है आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की सीटो के बटवारे को लेकर भी राजद और जदयू के बीच खींचतान मची हुई है। नीतीश कुमार ज्यादा सिटे चाहते है जबकि राजद अधिक सिटो पर दावा कर रही है। ऊपर से कांग्रेस और वामपंथी दलो को भी सिंटे देनी है ऐसे में नीतीश कुमार कोई समझौता नही करना चाहते नतीजतन अब वे एक बार फिर पलटी मार सकते है। यदि वे फिर से एनडीए का हिस्सा बनते है तो भाजपा उन्हे मुंह मांगी सिटे देने को तैयार हो सकती है दूसरी तरफ नीतिश कुमार को यह भी आशंका खाये जा रही है कि राजद उनकी पार्टी में सेंध लगा सकती है। क्योंकि लालू प्रसाद यादव अपने बेटे तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने की जी तोड कोशिशे कर रहे है। नीतिश कुमार की नाराजगी का यह भी एक बडा कारण है। कि उन्हे प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने के लिए लालू प्रसाद यादव ने सच्चे दिल से पहल नही की है ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार यदि फिर से एनडीए का हिस्सा बन जाते है तो कोई आश्चर्य नही होगा वैसे भी नीतीश कुमार हवा का रूख भापने के विषशज्ञ है उन्हे लग रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महौल बन गया है हवा के विपरीत जाने से उन्हे नुकसान ही होगा इसलिए वे एक बार फिर पलटी मार सकते है। बहरहाल ये सभी अटकले है जो कितनी सही साबित होती है इसका बहुत जल्द खुलासा हो जायेगा।

गुरुकुल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में श्रीराम

सुरेश जैन

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम का जीवन समाज के लिए आदर्श है। उनकी शिक्षा गुरुकुल में होती है। बाबा तुलसी के शब्दों में गुरु गृह पढ़न गए रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। श्रीराम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं। किन्तु वे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में जाते हैं। यह केवल प्रतीकात्मक नहीं है। इस व्यवस्था का व्यक्तित्व निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वे वहां दूसरे विद्यार्थियों की तरह ही रहते हैं। गुरुकुल के कार्यों में उसी तरह हाथ बंटाते हैं, जैसे दूसरे बटुक करते हैं। गुरुकुल में आम और ख़ास के बीच कोई भेद नहीं है।

गुरुकुल में परा और अपरा अर्थात् लौकिक और अलौकिक दोनों तरह की ही शिक्षा ग्रहण की जाती है। परा विद्या में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा एवम् धनुर्विद्या शामिल है। इससे उनकी समझ, अनुभव, विवेक, विचारशीलता और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की पृष्ठभूमि तैयार होती है। इसी तरह के पाठ्यक्रमों की परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी की गई है। इसमें मुख्य विषय के अलावा आनुषांगिक विषयों को भी पढ़ाए जाने के लिए पाठ्यक्रम बनाए गए हैं। गुरुकुल में भी इसी तरह की व्यवस्था है। क्योंकि, राम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं। इसलिए उनके मूल विषय के रूप में कूटनीति और धनुर्विद्या जैसे विषयों को पढ़ना अनिवार्य है। किन्तु इसके साथ ही निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष जैसे विषयों की भी शिक्षा दी जाती है। ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके।

गुरुकुल में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि विद्यार्थी के लिए जितना महत्वपूर्ण उसका औपचारिक अध्ययन है, उतना ही महत्वपूर्ण अध्ययन के आसपास का परिवेश है। उस परिवेश के माध्यम से छात्रों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन, समय प्रबंधन, सामाजिक सामंजस्य की कला और नेतृत्व के गुण जैसे व्यावहारिक ज्ञान, विद्यार्थी स्वयं ही आत्मसात कर लेता है। शिक्षा की पूर्णता में दोनों ही समान रूप से आवश्यक हैं। कौशल के राजकुमार राम गुरुकुल में एक बटुक की तरह इन सभी गुणों को सीखते हैं।

गुरुकुल में राम विद्या ग्रहण करने जाते हैं। विद्या और ज्ञान में अंतर है। सूचनाओं के संकलन मात्र से ज्ञान तो प्राप्त हा सकता है, किन्तु विद्या उससे अलग है। विद्या सोदेश्य होती है। यह व्यक्तित्व को गढ़ने का एक माध्यम होती है। विष्णु पुराण में कहा गया है- तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्तए आयासाय परम कर्म विद्यान्या शिल्प नैपुणम अर्थात् कर्म वही है, जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है, जो मुक्त करे। अन्य सभी कर्म केवल निरर्थक क्रिया हैं, जबकि अन्य सभी अध्ययन केवल कारीगरी मात्र हैं।

गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने वाली शिक्षा है। उसका उनके व्यक्तित्व पर गहरा असर पड़ा है। मुक्ति का अर्थ सामाजिक जीवन की कुरीतियों से मुक्ति। अंधविश्वास से मुक्ति। मुक्ति का अर्थ ऊंच-नीच के मनोभाव से मुक्ति। मुक्ति के मायने अवैज्ञानिक सोच से मुक्ति। स्वार्थ और जड़ता से मुक्ति। हर तरह के अहंकार से मुक्ति। श्रीराम के व्यक्तित्व पर इस विद्या का गहरा असर पड़ा है और यह उनके भावी जीवन में दृष्टिगोचर भी हुआ है।

विद्या के बारे में कहा गया है- विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम। विद्या विनय देती है। उससे पात्रता विकसित होती है। व्यक्ति उतना ही सीख पाता है, जितनी उसकी पात्रता होती है। जिसकी पात्रता जितनी व्यापक होती है, उसका व्यक्तित्व भी उतना ही व्यापक होता है। सागर जैसा व्यापक होने के लिए उसके जैसी व्यापक विनम्रता और शांत चित्त की आवश्यकता होती है। श्रीराम गुरुकुल जाकर इसी विनम्रता को आत्मसात करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सागर जैसा विस्तार देती है। जिसके लिए नर-वानर में कोई भेद नहीं। नगरवासी और वनवासी उनके लिए एक जैसे हैं। सुग्रीव का भी स्वागत है और अपने विरोधी रावण के छोटे भाई को भी शरणागत किया जाता है। गुरुकुल में आत्मसात किए गए इन सभी सद्गुणों का असर श्रीराम के जीवन पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि आरंभिक शिक्षा मातृभाषा में हो, शिक्षा में भारतीय मूल्यों और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर हो। शिक्षा समावेशी हो। एकांगी नहीं हो और विद्यार्थियों में कौशल का विकास हो। राम के गुरुकुल की शिक्षा प्रकृति के नैसर्गिक परिवेश में दी जाती है। बटुक स्वयं अपनी कुटीर का निर्माण करता है और कठिन परिस्थितियों में भी जीवन-यापन के गुर सीखता है। सीखने के लिए आसपास के प्रतीकों और बिंबों का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे समझने में सुविधा हो और उसके आधार पर विद्यार्थियों में तथ्यों का विश्लेषण करके सार्थक निष्कर्षों तक पहुंचने की क्षमता हो।

(लेखक प्रख्यात शिक्षाविद एवम् तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद-यूपी के कुलाधिपति हैं।)

भारतीय संविधानः शिरोधार्य हो रामत्व

प्रवीण गुगनानी

रामराज्य एक सनातनी शासन पद्धति है, इस तथ्य को गर्वपूर्वक स्वीकारना चाहिये। जब हेग कन्वेंशन में, युद्ध नियम हमारे सनातनी शास्त्रों से ग्रहण किए जा सकते है तो फिर रामराज्य को सनातनी मानने में संकोच क्यों?! यह सर्वसमावेशी, सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी शासन पद्धति है। (उपशीर्षक) भारतीय समाज में व भारतीय संविधान में श्रीराम का केवल नाम ही नहीं होना चाहिये है। भारतीय संविधान व समाज में श्रीराम एक अवधारणा, एक संस्थान, एक स्थापना, एक ऊर्जा स्रोत, एक प्रेरक तत्व, एक आधारभूत तत्व के रूप में स्थापित होना चाहिये। क्योंकि रामत्व ही तो कलियुग का आधार है। जब ÷कलयुग केवल नाम अधारा, सिमर-सिमर नर उतरहिं पारा÷ तो फिर हमारा संविधान व समाज भला किस प्रकार रामत्व से वंचित रह सकता है? और यह क्यों रामत्व से वंचित रहे? और, यदि यह रामत्व से दूरी बनाकर भी रखना चाहे तो भी कितने समय दूरी बनाकर रह सकते हैं?! अंततोगत्वा तो भारतीय समाज व संविधान को राममय होना ही है। यही नियति है। यही लक्ष्य भी होना चाहिये। हमें हमारे समस्त सवैधानिक, सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक, पारिवारिक संस्थानों को रामत्व की स्थापना व आधार देना ही होगा। अपनी अपने पूजा स्थल में, पूजा पद्धति में राम को सम्मिलित करने की बात नहीं की जा रही है। जीवन पद्धति में श्रीराम को लाने विषयक है यह। यही सटीक व समीचीन तथ्य है आज एक युग का। कलियुग के हम लोग तनिक अधिक ही स्वार्थी व तनिक अधिक ही स्वयंस्थ हैं, इसलिए राम नाम को हम "Abstract Entity" के रूप में सदैव ही मानते हुए आगे बढ़ते रहते हैं। यह स्वाभाविक भी है। कलियुग के हम भारतीय; स्वयं में, समाज में, संविधान में, रामत्व को अर्थात् राम के अंतर्तत्व को विराजित करते रहे हैं, कर पाते हैं, कर रहे हैं; तब ही तो हमारे कालखंड में हम श्रीराम जन्मभूमि का भव्य निर्माण, उसका लोकार्पण अपने नयनों से साक्षात देख पा रहे हैं।

रामत्व ने ही हमें सक्षम बनाया कि हम आठ सौ वर्षों के पीढ़ियों के संघर्ष के पश्चात अपने संघर्ष को सफल होते हुए देख पा रहे हैं! हम सफल हुए हैं क्योंकि हमारा समाज रामत्व से सराबोर हो रहा है। राममंदिर का निर्माण हुआ क्योंकि हमारा रामत्व चैतन्य-जागृत हो रहा है। हमारा संविधान केवल श्रीराम, माता सीता व भैया के लक्ष्मण के चित्र को समेटे हुए नहीं है, यह संविधान रामत्व के भाव को भी शिरोधार्य किए रहना चाहता है। हमारे संविधान का मर्म रामत्व में सराबोर रहना चाहता है। इस तथ्य को जो भारतीय शासक चिन्हित करेगा, पहचानेगा व क्रियान्वित करेगा वही सच्चे अर्थों में भारत का स्वाभाविक व सर्वाधिक योग्य सम्राट होगा। रामत्व, भारतीय समाज, संविधान, निशान के कण-कण मन-मन में धारित हो, मनःस्थ हो, तनस्थ हो इसी में राष्ट्रसिद्धि निहित है। श्रीराम ही तो भारत के सांस्कृतिक, नैतिक और राजनैतिक मूल्यों के आदर्श, प्रेरक व स्रोत रहे हैं। उनका व्यक्तित्व एवं जीवन दर्शन हमारे संवैधानिक मूल्यों के समरूप हैं। यदि हम श्रीराम के जीवन चरित के अनुरूप अपने संविधान की कल्पना करें व शेष श्रीराम चरित को भी संविधान में वस्तुतः लागू करें तो हमें विश्व का एक श्रेष्ठतम, कालसिद्ध व कालजयी संविधान मिल सकता है। उस संविधान में वैश्विकता भी प्रदर्शित होगी व समूचे विश्व में वह लागू भी होगा। श्रीराम के उनके भवन में विराजने के पश्चात अब भारतीय समाज, संघ, सत्ता, शीर्ष का यही लक्ष्य होना चाहिये कि संविधान में रामत्व अपने संपूर्ण रूप में विराजित हो। हमारे संविधान में श्रीराम की दयालुता, समरसता, समाज एकता, न्यायप्रियता, कला प्रियता, कर्तव्य परायणता, अधिकार सिद्धता, स्थानीयता, वैश्विकता, भूमि निष्ठा, नभ प्रियता, वैज्ञानिकता, आदि आदि का समावेश हो यही अब प्रत्येक भारतीय का लक्ष्य होना चाहिये।

यह संयोग एक रहस्य लग सकता है कि भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों वाले अंश में ही श्रीराम, माता सीता व भैया लक्ष्मण का चित्र ही क्यों अंकित हुआ? किसके मानस में यह क्यों आया यह कभी किसी ने कहा नहीं। श्रीराम के चित्र का योजन-नियोजन मौलिक अधिकारों वाले भाग में करने की चर्चा किसी ने नहीं की; अर्थात् यह अनायास, निष्प्रयास, संयोगवश ही हुआ है! इस संयोग के निहितार्थ हम भारतीयों को समझ लेने चाहिये। भारतीय संविधान के प्राण उसके मौलिक अधिकारों वाले अंश में व उन श्रीराम में ही बसा करते हैं जिनका चित्र-चरित इस अंश में सारगर्भित है। संविधान के श्रीराम जी वाले चित्र के साथ कुछ अधिकारों की सुनिश्चितता (गारंटी) व राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों की अवधारणा मिलती है। संविधान के इस रामधारी अंश से ही हमें धर्म निरपेक्ष राष्ट्र की नहीं अपितु रामधर्म आधारित संविधान, समाज व राष्ट्र की प्रेरणा मिलती है। हमें धर्म निरपेक्ष नहीं अपितु राम सापेक्ष राष्ट्र चाहिये, क्योंकि राम ही मानवीयता है। भारतभूमि को, राम को, रामत्व को, केवल सनातन मानना छोड़ना होगा। हम रामत्व को सीमित न करें उन्हें उनके अपरिमित वाले स्वरूप में ही स्वीकारें। भारतभूमि के प्रत्येक जीव, जंतु, मानव हेतु रामत्व समावेशित समाज, संविधान, निशान देना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिये। समरसता रामत्व का मूल है। श्रीराम की निषादराज से मित्रता, माता शबरी के झूठे बेरों को खाना, जटायु को उसके अंतिम समय में स्नेह देना, सुग्रीव से मित्रता, हनुमान को गले लगाना आदि आदि जैसी घटनाएं उनकी कथनी व करनी में व्याप्त समरसता का ही द्योतक थी। श्रीराम द्वारा वनवासी हनुमान को भैया लक्ष्मण से भी अधिक प्रिय बताना और यह कहना कि - ÷सुनु कपि जिय मानसि जनि ऊना तैं मम प्रिय लछिमन ते दूना÷; उनकी विशालता का प्रतीक था। श्रीराम का हनुमान को अपने सहोदर से अधिक महत्व देने का दृष्टांत आज के शासक वर्ग को व समाज के अग्रणी वर्ग हेतु प्रेरक तत्त्व होना चाहिये। जब शबरी के आंगन में बैठकर श्रीराम उसके झूठे बेर आनंदपूर्वक खा रहे होते हैं तब शबरी भाव विभोर होकर कहती है - ÷अधम ते अधम अधम अति नारी। तिन्ह महँ मैं मतिमंद अघारी। तब वनवासी राम उत्तर देते हैं - कह रघुपति सुनू भामिनी बाता। मानाउँ एक भागति कर नाता।। जाति पाँति कुल धर्म बड़ाई। धनबल परिजन गुन चतुराई।। भगति हीन नर सोइह कैसा। बिनु जल बारिद देखिअ जैसा।।÷ अर्थात्- भक्ति का ही संबंध है, जिसे वे मानते हैं। जाति, पांति, कुल, धर्म, बड़ाई, धन, बल, कुटुम्ब, गुण और चतुरता- ये सब गुण लक्षण होने पर भी भक्ति से रहित मनुष्य निर्जल बादल सदृश ही लगता है। और आगे देखिए, माता जानकी को रावण से बचाने के संघर्ष में जब जटायु के प्राण संकट में आ गये होते हैं तब गिद्धराज जटायु को अपनी गोद में लेकर स्नेह व आदर देते हैं। इसके बाद वे जटायु का अंतिम संस्कार, पुत्रभाव से विधिपूर्वक करते हैं। रावण व ताड़का जैसे अपने शत्रुओं को युद्ध में वीरतापूर्वक पराजित करना और फिर उनके सम्मानपूर्ण अंतिम संस्कार की व्यवस्था करना, जैसे कार्य उनके बड़प्पन व विशाल हृदयता को प्रकट करते हैं। शासक में, संविधान में समाज में रामत्व इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि राम ही शत्रुता भाव पर नैतिकता को महत्व देते थे। स्मरण कीजिए जब युद्धभूमि में दशानन का मृत शरीर पड़ा हुआ था तब उसका सहोदर विभीषण रावण के अंतिम संस्कार के लिए भी संकोच करते दिखाई देते हैं तब श्रीराम मर्यादा व्यक्त करते हुए कहते हैं - ÷मरणान्तानि वैराणि निर्वृत्तं नः प्रयोजनम। क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथा तव।।÷ - बैर जीवन काल तक ही रहता है। मरने के बाद उस बैर का अंत हो जाता है। वर्तमान समय में युद्ध में नियमों को बनाये रखने व मृत शरीरों को ससम्मान अंतिम संस्कार हेतु हमारी पीढ़ी ने ÷हेग कन्वेंशन÷ में प्रस्ताव पारित करके ये व्यवस्था की है। सनातन में रामत्व ने इन व्यवस्थाओं को हज़ारों वर्ष पूर्व लागू किया हुआ था। युद्ध भूमि में श्रीराम ने अपने शत्रुओं का वीरोचित संहार तो किया किंतु उसके बाद उन्होंने अपने शत्रुओं के ससम्मान, विधिपूर्व अंतिम संस्कार, उनके असहाय परिजनों की देखरेख, उनके राज्य की शासन व्यवस्था की चिंता आदि सभी कार्य ऐसे किए हैं कि हेग के प्रावधान रामायण से उठाये हुए ही प्रतीत होते हैं। संविधान व समाज में रामत्व की स्थापना आज के युग का एक महत्वाकांक्षी भाव इस लिए भी है कि वर्तमान कालखंड में हमें रामराज्य की सर्वाधिक आवश्यकता है। निस्संदेह रामराज्य एक सनातनी अवधारणा है व रामराज्य सनातन जनित ही एक सर्वोत्कृष्ट शासन पद्धति है, तथापि वर्तमान समय में भी यह सर्वाधिक समीचीन है। वस्तुतः समग्र सनातन सदैव ही प्रासंगिक बना रहता है, तभी तो यह सनातन अर्थात् सदा सर्वदा नूतन कहलाता है।

आज का इतिहास

2003 में आज ही के दिन नासा के अंतरिक्ष यान पायनीयर 10 पृथ्वी से (सर्वाधिक दूर मानव निर्मित यान) से अंतिम बार संपर्क स्थापित हुआ था। 1996 में 22 जनवरी के दिन ही कैलीफ़ोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से लगभग 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर 2 नए ग्रहों की खोज की थी। 1981 में आज ही के दिन रोनाल्ड रीगन का संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के 40वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण हुआ था। 1972 में 22 जनवरी को ही इस्तानबुल की पूरी आबादी को 24 घंटे के लिए नजरबंद किया गया था। 1968 में आज ही के दिन अपोलो 5 ने पहले ल्यूनर मॉड्यूल के साथ अंतरिक्ष की ओर उड़ान भरी थी। 1965 में 22 जनवरी के दिन ही पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में इस्पात कारखाना शुरू हुआ था। 1963 में आज ही के दिन देहरादून में दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई थी। 1924 में 22 जनवरी के दिन ही रैमसे मैकडोनाल्ड ब्रिटेन में लेबर पार्टी के पहले प्रधानमंत्री बने थे। 1837 में आज ही के दिन दक्षिणी सीरिया में आए भूकंप से हजारों लोगों की मृत्यु हो गई थी।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:20 सूर्यास्तः 05:56
चन्द्रोदयः 13:42 चन्द्रास्तः 28:28
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतु : शिशिर
शक सम्वतः 1945 (शोभकृत)
विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल)
मास पौष, पक्ष शुक्ल
तिथि द्वादशी, नक्षत्र मृगशिरा
योग ब्रह्म
प्रथम करण वणिज (07:23 तक)
द्वितीय करण विष्टि (19:26 तक)
॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य मकर चंद्र वृष
मंगल धनु (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
राहु मीन , केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 12:07 से 12:49
अमृत काल 24:34 से 26:13
द्विपुष्कर योग 27:52 से 31:12
विजय मुहूर्त 14:13 से 14:55
गोधूलि मुहूर्त 17:41 से 18:08
सायाह्न सन्ध्या 17:44 से 19:05
निशिता मुहूर्त 24:01 से 24:55
राहुकाल 07:30 से 09:00
राहुवास उत्तर
यमगण्ड 12:28 से 13:47

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) गारो, खासी, जयंयिता की पहाड़ियों पर पायी जाने वाली मिट्टी कौन-सी है?

2) सबसे प्राचीन पुराण कौन-सा है?

3) किस अनुच्छेद के तहत धन विधेयक को परिभाषित किया गया है?

4) किस इटली यात्री ने विजयनगर साम्राज्य की यात्रा की थी?

5) यूरोपीय निवेश बैंक की पहली महिला अध्यक्ष हाल ही में कौन बनी है?

उत्तरमाला- (1) लाल मिट्टी (2) मत्स्य पुराण (3) अनुच्छेद 110 (4) निकोलो दी कोंटी (5) नादिया कैल्विनो

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आप शांति से बिताएंगे। दिन के आरंभ में किसी कार्य को लेकर जल्दबाजी रहेगी इसके बाद लगभग सभी कार्यो को आराम से ही करेंगे।

वृषः आज के दिन आप बाहरी दुनिया को छोड़ अधिक समय अपने मे ही मस्त रहेंगे। आवश्यक कार्यो में लापरवाही अथवा टालमटोल करना आर्थिक हानि का साथ ही संबंधों में भी खटास ला सकता है।

मिथुनः घर एवं कार्य क्षेत्र पर सहयोग की कमी रहेगी। व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा अधिक रहने से परिश्रम भी अधिक करना पड़ेगा फिर भी लाभ होने की जगह किसी गलती के कारण हानि उठानी पड़ेगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे सहकर्मी बिना बोले सहयोग करने के लिए तैयार रहेंगे।

सिंहः आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा मनोरंजन के विचार आज मन मे ही रह जाएंगे।

तुलाः आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से ठीक नही। कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहने से जान कर भी स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही बरतेंगे जिसका शीघ्र ही विपरीत परिणाम देखने को मिलेगा।

वृश्चिकः आपका आज का दिन सुख-सौभाग्य में वृद्धि करेगा। आज आप नए संबंध बनाने के साथ ही पुरानो को भी जोड़े रखने में व्यस्त एवं सफल रहेंगे।

धनुः आज का दिन भी आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा परन्तु सेहत का भी विशेष ध्यान रखना होगा।

मकरः आज के दिन आपकी किसी के साथ श्रेष्ठ बनने की होड़ रहेगी इसमे कुछ हद तक सफल तो रहेंगे।

कुंभः आज का दिन भी विपरीत फलदायी रहने से आपको विवेक से हर कार्य करने की सलाह है।

मीनः आज के दिन आप आर्थिक मामलों को लेकर संतुष्ट रहेंगे। व्यवसायी वर्ग किसी बड़ी योजना अथवा अनुबंध पर कार्य करेंगे इसका लाभ भी शीघ्र ही मिलना आरम्भ हो जाएगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -311

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाली 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पचासवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 310 का हल

न्यूज गैलरी

रौशन होंगे शासकीय व सार्वजनिक भवन

दुर्ग/नवप्रदेश। सोमवार 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के उपलक्ष में शासन के निर्देशानुसार में जिले के सभी शासकीय/ सार्वजनिक भवनों में 22 जनवरी की रात्रि रोशनी की जाएगी।

बेलोदी में कबड्डी स्पर्धा का आयोजन

पाटन/नवप्रदेश। संकट मोचन फ्रेंड्स क्लब बेलौदी के तत्व धान में इकदिवासी रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 40 टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों ने खिलाड़ी भावना का परिचय देते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह मुख्यातिथि खाद्य बीज निगम के पूर्व सदस्य शंकर बघेल, मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य देव कुमार निषाद, सेक्टर प्रभारी छोटू बघेल, सरपंच प्रतिनिधि रामाधार वर्मा, हुकुमचंद निषाद, एचके धनकर थे। अतिथियों ने कबड्डी के आयोजन के लिए फ्रेंड्स क्लब के सभी सदस्यों को बधाई दी। कार्यक्रम में फ्रेंड्स क्लब के सदस्य चमन यादव, शिव यादव, कुलदीप ठाकुर, बंटी हेमंत यशवीर धनंजय भूपेन योगेश कृष्णा वीरेंद्र हर्ष टिकेंद्र रघु आदित्य तामेंद्र कुणाल अरविंद जिगर पूर्व रवि एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

समूह से किरण व लक्ष्मी का चयन

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम की दो स्व-सहायता समूह की महिला 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड समारोह में शिरकत करेंगी। चयनित स्व-सहायता समूह की किरण साहू एवं लक्ष्मी जांगड़े पिछले कई वर्षों से निगम जीरो वेस्ट सेंटर सफाई सुपर वाइजर का कार्य है रही हैं।उनकी उपलब्धि मिशन क्लीन सिटी योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया गया है जिसके तहत इनका चयन भारत सरकार की ओर से किया गया है। इन दोनों स्व- सहायता समूह की। महिला को गणतंत्र दिवस परेड में विभागीय खर्च पर दिल्ली ले जाया जाएगा। उन्हे महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शुभकामनाएं दी है।

जिले में सर्वाधिक आंखों का ऑपरेशन

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय दुर्ग में डॉ. संगीता भाटिया एवं डॉ. कल्पना जैफ द्वारा 19 जनवरी को सर्वाधिक 30 आँख के आपरेशन संपादित किया गया जिसमें 27 मोतियाबिंद के आपरेशन, 03 अन्य आंख के आपरेशन संपादित किये गये। आपरेशन किये गये समस्त मरीज पूर्णतः स्वस्थ्य है। सफल ऑपरेशन को देखते हुए मरीजों का जिला चिकित्सालय में विश्वास बढ़ रहा है। डॉ. अरूण कुमार साहू सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने उपरोक्त सफल आपरेशन हेतु नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी है।

लिटिया धान खरीदी केंद्र के ऑपरेटर बर्खास्त

दुर्ग/नवप्रदेश। तहसीलदार बोरी द्वारा विगत दिवस सेवा सहकारी समिति मर्या. लिटिया पंजीयन क्रमांक 2511 के उपार्जन केन्द्र लिटिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान टोकन जारी करते समय शासन द्वारा निर्देशों का युक्तियुक्त पालन किया जाना नहीं पाया गया। जिला सहकारी केन्द्री बैंक मर्या. दुर्ग के बोरी शाखा के पर्यवेक्षक ने शिकायत को गंभिरता से लेते हुए, धान खरीदी केन्द्र लिटिया में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर अरवेन्द्र कुमार साहू को कर्तव्यों की उचित निर्वहन नही करने के कारण धान खरीदी विपणन वर्ष 2023-24 हेतु तत्काल प्रभाव से कम्प्यूटर ऑपरेटर के दायित्व से पृथक कर दिया है। साथ ही केन्द्र में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए सेवा सहकारी समिति मर्या. लिटिया के सहायक समिति प्रबंधक लतेश कुमार साहू को कम्प्यूटर ऑपरेटर का दायित्व सौंपा है।

प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 1245 छात्राएं

पाटन/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 20-01-2024 शनिवार को विकासखंड पाटन के 7 परीक्षा केंद्रो मे संचालित किया गया। जिसमे कुल 1508 छात्र छात्राओं ने परीक्षा के लिए फार्म भरा था जिसमे से 1245 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलाई तथा 263 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया की पुरे केन्द्रों मे शान्तिपूर्वक परीक्षा संम्प्रन्न हुई। अधिकारी ने परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण कर आवश्य दिशा निर्देश दिए।

आज नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

भिलाई/नवप्रदेश। 22 जनवरी को राम जन्म भूमि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए विश्व स्तर पर रामभक्तों द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारी की जा रही हैं एवं जन जन प्रभु श्री रामलला की सेवा में लगे तत्पर हैं। बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग बहन बेटी माताएँ इस दिन के एक एक पल को यादगार बनाने भिन्न भिन्न प्रकार के आयोजन कर रहे है। वही एक निजी अस्पताल एसआर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर चिखली द्वारा एक दिन निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रखा है। उक्त शिविर में नार्मल डिलीवरी सिजीरियन डिलीवरी एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन निःशुल्क किए जाएगे। अस्पताल के मेडीकल सुप्रीटेन्डेन्ट डॉ एस.पी. केसरवानी ने बताया कि ऐतिहासिक दिन में सहभागिता निभाते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया है।

प्रदेशाध्यक्ष का किया जोशीला स्वागत

पाटन/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा का प्रथम बार पाटन आगमन पर ग्राम सांकरा में लोधी समाज के द्वारा भव्य स्वागत आतिशबाजी के साथ किया गया। इस दौरान समाज एकता के नारे भी लगाए गए। इस दौरान प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ,श्रीमती जागेश्वरी वर्मा जिला पंचायत सदस्य मौजूद रही। मोतीपुर चौक में सभी ने वीरांगना अवंती बाई लोधी अमर रहे, जय लोधेश्वर के नारा लगाए। इस असवर पर लोधी समाज के सुरेश सिंगौर, कमलेश सिंगौर, रवि सिंगौर, शिवकुमार सिंगौर, खुमान सिंगौर, संतोष सिंगौर, मनहरण सिंगौर आदि थे।

हजारों श्रद्धालुओं ने किया हनुमान चालीसा पाठ

■ **अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन जिला मुख्यालय में अनूठा आयोजन**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जिलेभर में रामभक्तों में उत्साह का माहौल है। इस कड़ी में भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति व श्री राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्याधाम की जिला इकाई के बैनरतले रविवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व संध्या पर स्थानीय पंडित रविशंकर स्टेडियम में 21 हजार श्रद्धालुओं द्वारा 21 बार हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ कर श्री रामलला के प्रति अपनी श्रद्धा भक्ति प्रकट की गई।हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने श्रद्धालु अलग-अलग वार्डो से श्रीराम जी के शोभायात्रा के साथ स्टेडियम पहुंचे थे।

सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के दौरान भगवान श्रीरामचंद्र, सीता मैया और भरत, शत्रुघ्न, लक्ष्मण का वेष धरे बालक आकर्षण का केंद्र रहे। हनुमान चालीसा पाठ में शामिल होने श्रद्धालु पहले राम जानकी मंदिर आमदी मंदिर रेलवे स्टेशन चौक, राम जानकी मंदिर बड़े मठ मठपारा,रामदेव बाबा मंदिर गंजपारा, श्री सीताराम पंचायती मंदिर गांधी चौक, राम जानकी मंदिर कसारीडीह, हनुमान मंदिर रायपुर नाका में एकत्रित हुए। तत्पश्चात श्रद्धालु यहां से शोभायात्रा के साथ पंडित रविशंकर स्टेडियम पहुंचें। जहां श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ सामूहिक रूप से 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस आयोजन से रविवार को पूरा शहर राममय रहा। हनुमान चालीसा पाठ में आयोजन समिति के कार्यक्रम व्यवस्थापक चतुर्भुज राठी, श्रीराम जानकी मंदिर आमदी मंदिर के व्यवस्थापक नितीश चंद्राकर, आयोजन समिति के नगर संयोजक प्रमोद वाघ, सह संयोजक सुनील वैष्णव, विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अनिल गुर्जर, कार्यक्रम व्यवस्थापक महेश यादव, श्री सीताराम पंचायती मंदिर गांधी चौक समिति अध्यक्ष श्याम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अजय शर्मा, दीपक चोपड़ा, अजय तिवारी, अभिषेक गुप्ता के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, महाकाल भक्त परिवार, हिंदू जागरण मंच, धर्म जागरण समन्वय, दुर्गा वाहिनी, पंडित दीनदयाल विचार प्रकाशन, श्री बजरंग अखाड़ा के अलावा दुर्ग शहर के विभिन्न मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्यो का सहयोग रहा। धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। दुर्ग ज़िले में भी समारोह को लेकर उत्साह में कोई कमी नहीं है।

अलग-अलग हादसों में 3 की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग/भिलाई। पटेल चौक में शनिवार की रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट कार ने एक्टिवा सवार पिता व पुत्र को जबरदस्त ठोकर मार दी। हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं भिलाई के टाउनशिप एरिया में एक तेज रफ्तार कार चालक ने बुलेट सवार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बुलेट चालक हवा में उछल कर दूर जा गिरा और उसका सिर पत्थर से टकरा गया। उसे सेक्टर-9 अस्पताल ले जाया गया, जहां अधिक ब्लीडिंग होने से उसकी मौत हो गई।, वहीं भिलाई तीन थाना क्षेत्र में एक बैंक कर्मी की भी हादसे में मौत हुई है।

मृतक प्रकाशचंद जैन ऋषभ नगर वार्ड 39 का निवासी था। पुत्र प्रियंक जैन को हादसे में चोटे आई है। मृतक प्रकाशचंद जैन तहसील ऑफिस के मुख्य गेट के सामने जैन फ्लेक्स के नाम से दुकान का संचालन करता था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक प्रकाशचंद जैन व उनका पुत्र प्रियंक जैन शनिवार की रात करीब पौने 1 बजे दुकान की साफसफाई करने के बाद दुकान को बंद कर अपनी एक्टिवा से ऋषभ नगर घर वापस लौट रहे। वे दोनों पटेल चौक पर पहुंचे थे, तभी भिलाई की ओर से आ रही लाल रंग की स्विफ्ट कार ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में पिता व पुत्र सड़क पर ही गिर गए। चोटे आने से उन्हें 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पिता प्रकाशचंद जैन ने अधिक चोटे आने पर दम तोड़ दी। घायल पुत्र प्रियंक जैन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में मृतक प्रकाशचंद जैन के पुत्र मयंक जैन के रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस द्वारा स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 08 एवी 19503 के चालक कलेश्वर साहू राजनांदगांव निवासी के विरुद्ध धारा 279, 304 ए और 337 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को जांच पर लिया गया है।

भिलाई नगर थाना क्षेत्र में पंथी चौक के पास यह हादसा हुआ है। मृतक की पहचान देव बाग के रूप में हुई है। वो सेक्टर-10 स्थित लेटेस्ट फैशन शॉप में काम करता था। काम करने के बाद रात में अपने घर तालपुरी जा रहा था। इसी दौरान पंथी चौक के पास जब वो सड़क पार करने मुड़ा, तो पीछे आ रही कार क्रमांक सीएच 07 एएम 9908 ने बुलेट क्रमांक सीजी 07 सीजी 9218 को टक्कर मार दी। चालक उसे अस्पताल ले जाने की बजाय भाग गया। सूचना मिलने के बाद डायल-112 की टीम वहां, पहुंची तो कार नबंर प्लेट टूटा मिला। उस नंबर प्लेट से कार की पहचान प्लॉट नंबर 251/24 इन फ्रंट ऑफ कांति भवानी धनोरा निवासी के रूप में हुई है। जब कार के मालिक को फोन किया गया, तो उसे पता ही नहीं था कि उनका बेटा या कोई अन्य रात में कार लेकर कहीं गया है। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि सेक्टर-9 अस्पताल के कर्मचारियों ने लापरवाही पूर्वक काम किया है। वो लोग देव को तुरंत मर्चुरी ले जाने के लिए कहने लगे और खून साफ करने का दबाव बनाने लगे। अस्पताल वालों ने थाने में भी समय पर सूचना नहीं दी। जब भाई थाने गया और सूचना दिया तब पुलिस वाले वहां पहुंचे। भिलाई नगर पुलिस ने अब तक मामला दर्ज नहीं किया है। इधर, भिलाई तीन थाना क्षेत्र में एक बैंक कर्मी की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बिलासपुर निवासी सौरभ गुप्ता (37 साल) के रूप में हुई है। वो एचडीएफसी बैंक की कुम्हारी ब्रांच में काम करता था। वहीं विद्युत नगर दुर्ग में रहता था और शुक्रवार रात अपनी बाइक से घर लौट रहा था। कुम्हारी से दुर्ग के बीच यह हादसा हुआ है।

आज श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

जिला स्तरीय कार्यक्रम श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण कसारीडीह में

दुर्ग। धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। ज़िले में भी समारोह को लेकर उत्साह में कोई कमी नहीं है। जिला मुख्यालय में भी 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कसारीडीह स्थित श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में किया गया है। उक्त कार्यक्रम सांसद विजय बघेल के मुख्य अतिथ्य और विधायक गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में तथा विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय, विधायक डोमनलाल कार्सेवाड़ा, ललित चन्द्राकर, रिकेश सेन, भूपेश बघेल, देवेन्द्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा भुनेश्वर यादव की गरिमामई उपस्थिती में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान आनंद धारा मानस मण्डली मालूद, सांई मानस परिवार अण्डा, उपासना मण्डली करेल, रघुनायक मानस मण्डली परसाही और नवतुलसी मानस परिवार जोगीगुफा द्वारा भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जायेगी।

आज बंद रहेंगे पशुवध गृह और मांस बिक्री की दुकानें

जिले में 22 जनवरी को पशुवध गृह और मांस बिक्री की दुकानें बंद रहेंगे। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जन आस्था के दृष्टिगत अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सम्पूर्ण जिले में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकान बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। संबंधित अधिकारियों से कहा है कि उक्त आदेश का जिले में कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

चालीसा पाठ में शामिल हुए वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। रविशंकर स्टेडियम में आज एक ऐतिहासिक पल था जहां पूरा शहर रामभक्ति व हनुमान जी का आशीर्वाद लेने हेतु आतुर था। हजारों की संख्या में भक्तजनों द्वारा राम जी का पाठ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। शहर की रविशंकर स्टेडियम में 21000 भक्तों द्वारा 21 बार हनुमान पाठ किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा भी पहुंचे। वोरा ने पूरे मनोयोग से रामभक्ति एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होने कहा प्रभु श्रीराम हम सब के आराध्य देवता हैं उनके आदर्शो, सिद्धांतों व सद्‌चरित्र पर चलकर ही हम अपने जीवन की सार्थकता सिद्ध कर अपने आप को धन्य कर सकते हैं।

गर्ल्स कॉलेज में वैल्यू एडेड कोर्स नृत्यांजलि का समापन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नृत्य विभाग द्वारा वैल्यू एडेडकोर्स नृत्यांजलि का समापन हुआ। पंजीकृत छात्राओं ने परम्परागत शैली शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की प्रारंभिक मुद्राओं का सुंदर सामंजस्य प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषीलचन्द्र तिवारी ने कहा कि छात्राओं के अत्यधिक रूझान को देखते हुए ही अन्य संकाय की छात्राओं के लिये इस कोर्स को आयोजित किया गया है। आगे भी इसका एडवांसकोर्स कराना चाहिये ताकि छात्रायें इसे कॅरियर के रूप में अपनाना चाहती है। उन्हें लाभ मिल सके। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि छात्रायें इसे आत्मसात कर रही है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीसी अग्रवाल में कहा कि नृत्य एक ऐसी साधना है जिससे सारे भेद समाप्त हो जाते है। मानव मन की निराषा दुख सभी नृत्य करने से दूर हो जाते है। विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि इस बार भी 70 छात्राओं ने इस कोर्स के लिए सहमति दी और बड़े उत्साह के साथ भरतनाट्यम की आधारभूत शिक्षण लिया है।

राममय होगा खुर्सीपार, हर घर जलेगा राम नाम का दिया

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिस घड़ी का इंतजार पूरा देश कर रहा था वह शुभ घडी अब आ गई है। सोमवार यानी 22 जनवरी को अयोध्या की पावन भूमि पर प्रभु श्रीराम का अवतरण हो रहा है। अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी और इधर भिलाई में भी उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए खुर्सीपार क्षेत्र में भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष व बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह द्वारा विशेष पहल की गई। रविवार को दया सिंह की पहल पर लक्ष्मीनगर वार्ड सहित आसपास के चार से पांच वार्डो में घर-घर दिया बाती, तेल व मिठाई का वितरण किया गया। लगभग 4000 से ज्यादा घरों में बोल बम समिति के सदस्यों ने दिया बाती, तेल व मिठाई का वितरण कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर हर घर दिया जलाने का संकल्प लिया।

अयोध्या में श्री रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में इस दिवाली जैसा उत्सव मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर देश के लोगों से अपने अपने घरों के बाहर कम से कम पांच दिए अवश्य जलाने का आह्वान किया है। पीएम मोदी के आह्वान को सफल करने के उद्देश्य से भिलाई निगम के उपनेता प्रतिपक्ष व बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र वार्ड 44 के साथ ही आसपास के पांच वार्डो के लोगों के लिए दिया, बाती, तेल व मिठाई की व्यवस्था बनाई। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले घर-घर जाकर वितरण कराया। इस असवर पर भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया व जिला महामंत्री योगेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

पटेल समाज की हुई बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। पटेल समाज पाटन राज की कार्यकारिणी की बैठक पाटन में संपन्न हुई। सर्वप्रथम माँ शाकम्भरी की पूजा किये तदपश्चात प्राप्त आवेदनों पर चर्चा किया गया। जिलाध्यक्ष आत्माराम पटेल एवं जिला कार्यकारिणी को प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल ने शपथ ग्रहण कराया गया। पटेल समाज पाटन राज के आतिथ्य में पटेल धर्मशाला पाटन में आयोजन किया गया। आयोजन में छ्ग कोसरिया मरार समाज प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल एवं उपाध्यक्ष खेलु पटेल, संरक्षक रामेश्वर पटेल, संरक्षक गया पटेल उपस्थित रहे। साथ ही दुर्ग, पाटन, भिलाई-3, धमधा, रौता, रक्सा, परपोड़ी, कुम्हारी के सभी राज अध्यक्ष उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि समाज के स्वाभिमान की रक्षा करने, समाज को संगठित करने जिला के पदाधिकारियों ने शपथ लिया है। प्रदेश संगठन राज संगठन हो या जिला संगठन सभी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से संगठित व मजबूत बनाने प्रयत्न कर रहें है।

कैरियर गाइडेंस व फाइनेंशियल मैनेजमेंट पर दिया प्रशिक्षण

कॉमर्स के छात्रों के लिए एसएनजी विद्यालय ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। कैरियर गाईडेंस एवं फाइनेंशियल मैनेजमेंट विषय पर कॉमर्स के छात्रों के लिए एसएनजी विद्यालय ऑडिटोरियम में 19 जनवरी को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में ज़िला प्रशासन और ज़िला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्रों का कैरियर ऑपशन के बारे में भी बताया गया। साथ ही वित्तीय प्रबंधन से संबंधी जानकारी दी गई। छात्र द्वारा अपने कैरियर चुनाव में आने वाले समस्या से

संबंधी अनेक प्रश्न पूछे गए, जिसकी जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। कैरियर मार्गदर्शन में ऐसी सेवाएँ शामिल होती हैं जो लोगों को अपने कैरियर विकास को सफलतापूर्वक प्रबंधित करने में मदद करती हैं और मानव विकास का पहलू एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से एक व्यक्तिगत कार्य पहचान उभरती है, यह आपकी प्रकृति के अनुसार अपने आप घटित होगी, आप इसके माध्यम से नेविगेट करते समय सहायता प्राप्त करने से लाभान्वित हो सकते हैं। प्रक्रिया जो कभी-कभी काफी भ्रमित करने वाली हो सकती है। व्यवसाय विषय का चुनाव करके बच्चा काफी सारे क्षेत्र में अपने आप को सीए, सीएमए, सीएस की तरह प्राप्त कर सकते हैं। साइंस के बाद कॉमर्स ही छात्रों के बीच पहली पसंद है। देश में हर साल लाखों छात्र कॉमर्स से 12 मिनट की पढ़ाई करते हैं। इसके बाद स्टूडेंट्स के बीच एक सबसे आम सवाल होता है कि अब 12वीं कॉमर्स के बाद क्या करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल ने नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ कैरियर गाईडेंस एवं फाइनेंशियल मैनेजमेंट कार्यक्रम को सम्बोधित किया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे जो कि खासकर कामर्स संकाय से आए हुए है वे निश्चत रूप से लाभान्वित होंगे, उन्हें उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिससे उनको भविष्य में अपने करियर के चुनाव में सहुलियत होगी। अभी कामर्स एक नया उभरता हुआ विषय है। कामर्स विषय का चुनाव करके बच्चे काफी सारे क्षेत्र में अपने आप का प्रतिनिधित्व करते हैं। सबके मन में यह प्रश्न रहता है कि हमारा विषय क्या है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आपकी दुविधाओं का समाधान हो सकेगा। जैसा कि आप सभी को प्राप्त होगा कि छात्रों के पास कामर्स के बाद ढेरों विकल्प उपलब्ध है।

दंत शिविर का 75 मरीजों ने लिया लाभ

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज में निर्धारित दंत शिविर में आज 75 मरीज ने लाभ लिया तथा कुल 65 दांत निकले गए सर्वाधिक रेखांकित करने योग्य तथ्य रहा की 65 वर्षी बुजुर्ग महिला उर्मिला शर्मा के एक ही दिन में कुल 10 दांत निकले गये यह घटना किसी भी चिकित्सक और मरीज के लिए चुनौती पूर्ण हैं। शिविर प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें गुजरात राजकोट की प्रसिद्ध दंत वैद्य डॉ. श्रीमती सरोज बेन जोशी जो की जलंधर बंद योग पद्धति से पिछले 50 वर्षो से प्रतिवर्ष पूरे भारत में और इस प्रकार की सेवाएं देती रही है उनके साथ डॉक्टर श्रेणीक नाहटा दुर्ग, डॉक्टर चेष्टा साहू राजनांदगांव इसी पद्धति से चिकित्सा दे रही है। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव ने भी शिविर का निरीक्षण किया और डॉक्टर सरोज बेन की पद्धति देखकर आश्चर्यचकित हो गए उन्होंने गुर्जर क्षत्रिय समाज के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को ऐसे शिविर संचालित करने की प्रणाली की काफी प्रशंसा की इस अवसर पर दुर्ग धटक प्रमुख तुषार भाई चौहान, नंदू भाई राठौड़ संपूर्ण महिला मंडल, रवि लाल वाघेला, किशोर भाई परमार, बंसी भाई सोलंकी, मुकेश भाई राठौड़, चंदू भाई राठौड़ ,का विशेष सराहनीय योगदान रहा तथा श्री नौतम भाई टॉक , पुरुषोत्तम भाई वाढेर , अनिल माधवजी भाई टांक , भरत भाई राठौड़ , ज्योति भाई टॉक, नारायण भाई राठौड़ , घनश्याम भाई परमार , राजू भाई टांक तथा अनेक वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति विशेष रूप से रही । जन कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र भाई राठौड़ के कुशल पुरुषार्थ से शिविर की सुव्यवस्था पूरी तरह संतुलित ढंग से चली।

न्यूज गैलरी

कृषि महाविद्यालय में हुआ कृषक संगोष्ठी का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा में शनिवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की 38 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषक संगोष्ठी का कार्यक्रम डॉ एच एल सोनबोइर , अधिष्ठाता दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय की अध्यक्षता में हुआ। अधिष्ठाता ने बताया कि सन 1903 में सबसे पहले रायपुर में लाभांडीह में अनुदेशक प्रक्षेत्र की स्थापना हुई थी। डॉ अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा ने अपने उद्बोधन में बताया कि सन 1987 में केवल एकमात्र कृषि महाविद्यालय रायपुर में था और जोनल अनुदेशक प्रक्षेत्र जगदलपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर व रायपुर में था। 38 वर्ष के बाद अब 35 से ज्यादा कृषि महाविद्यालय छत्तीसगढ़ प्रदेश में है। प्रध्यापक डॉ राजेश साहू ने बताया कि सन 1987 के पहले कृषि महाविद्यालय रायपुर, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत सम्मिलित था। कृषक संगोष्ठी के साथ-साथ इंदिरा गांधी किसी विश्वविद्यालय रायपुर की स्थापना दिवस समारोह में भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़कर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ,मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ,कृषि मंत्री राम विचार नेताम का उद्बोधन भी सुनाया गया। कृषक संगोष्ठी में डॉ. चेनेस पटेल व डॉ दीपिका साहू ने क्रमशः फसल कीट पतंग व मृदा स्वास्थ्य विषय में किसानों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन, डॉ के के पांडे व धन्यवाद ज्ञापन, डॉ देवेंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया।

आज बंद रहेंगे पशुवध गृह व मांस बिक्री

बेमेतरा/नवप्रदेश। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जन आस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया है। श्री साय के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया हैं। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले के सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा हैं। इस दिन शुष्क दिवस भी रहेगा। देशी/विदेशी मदिरा दुकान भी बंद रहे रहेंगी।

मुंदडा हाउस में आज फिर सजेगी रंगोली

भाटापारा/नवप्रदेश। अयोध्या मंदिर में आज होने वाली श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर के मुंदडा हाउस में आज शाम को रंगोली सजाई जायेगी, शहर में रंगोली देखने की प्रथा दीप पर्व की दीपों की माला के साथ 50 वर्षों से हो रहा है. रंगोली आदिकाल से दिवाली में शुभ कार्य में लगाई जाती है । वर्तमान में नगर के कुछ घरों में दीप पर्व पर रंगोली उत्सव को प्रदर्शनी के रूप में प्रस्तुत करते हैं लगभग 35 वर्षों से शहर के लोग रंगोली की कलाकृति का अवलोकन करते आ रहे हैं. और जिस घर में रंगोली बनती है वहा सम्मानजनक स्वागत भी करते हैं और अपनी कला को प्रदर्शित करते हैं। पिछले 27 वर्षों से राजनीतिक लोक संस्कृति क्रीडा जगत के प्रति समर्पित व्यक्तियों की मुंदडा हाउस रंगोली बनाई जाती है और आज राम जी की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या मंदिर सोमवार की होगी उससे संबंधित रंगोली श्याम रतन मुंदडा के पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित निवास स्थान में बनाई जाएगी जहा शाम को 6 बजे से लोग उनके निवास पर बनी रंगोली का अवलोकन कर सकते है।

राइजिंग मॉडर्न स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर में शीतला मंदिर के पास स्थित राइजिंग मॉडर्न स्कूल परिसर में प्रथम वार्षिक उत्सव का आगाज किया गया स्कूल में द्मद्द1 से कक्षा तीसरी तक संचालित किया जाता है स्कूल के प्रथम वार्षिक उत्सव में अतिथि के तौर पर टिकेश साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव ए के.पुशाम एसडीएम डोंगरगांव ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर आर एल पातरे के कर कमल से कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया इस अवसर राइजिंग मॉडर्न स्कूल की प्राचार्य शीबा शाजी स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका मौजूद थे कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना से शुरू हुई इसके बाद स्कूल के सभी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम के समापन का आभार निशा देवांगन एवं अरुंधति शर्मा के द्वारा प्रकट किया गया

प्रीति बिसेन को पीएचडी

नगरी/नवप्रदेश। आईएसबीएम विश्वविद्यालय मे शिक्षा विभाग की शोधार्थी प्रीति बिसेन को वैल्यू एडुकेशन पर्सपेक्टिव इन लर्निंग एनवायरमेंट ऑफ स्कूल स्टूडेंट्स ड्यूरिंग कोविड-19 अँड पोस्ट कोविड फेस विषय पर उनके अभूतपूर्व शोध के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इस शोधकार्य को डॉ. किरण बाला पटेल, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग, कला और मानविकी संकाय, आईएसबीएम विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है।कोविड-19 महामारी से उत्पन्न वैश्विक चुनौतियों के बीच, प्रीति बिसेन का शोध, स्कूली विद्यार्थियों के शैक्षिक परिदृश्य पर मूल्य शिक्षा के प्रभाव के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालता है। विद्यार्थियो के साथ साथ, पालकों, शिक्षकों और स्कूल मैनेजमेंट के समूहों द्वारा कोविड के समय मूल्य शिक्षा के प्रभाव को समझना और शैक्षिक अनुभवों को बढ़ाने के तरीकों की खोज करना अत्यंत महत्वपूर्ण है और लक्ष्य महामारी के दौरान और उसके बाद शैक्षिक परिदृश्य में सुधार करना है।

रामोत्सव का होगा सीधा प्रसारण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के मद्देनजर राज्यभर मे भव्य रूप से भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किये जाने शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शहर के प्राचीनतम सिद्ध पीठ शीतला माता मंदिर में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के तहत 22 जनवरी को सोनार पारा स्थित शीतला माता मंदिर में भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किये जाने के तहत अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जायेगा तथा दीप प्रज्जवलन व दीपदान किया जायेगा, इसके अलावा मानस मंडलियों द्वारा रामचरित मानस पर मानस गायन की सुमधुर प्रस्तुति दी जायेगी। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के अवसर पर शीतला माता मंदिर में आयोजित भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्धारित समय में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी, पत्रकार बंधुओं तथा अधिकारी कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील की है।

संस्कारधानी में रामोत्सव को दीपोत्सव के रूप में मनाया जाएगा

■ दिग्विजय स्टेडियम में प्रज्जवलित होंगे 5 लाख से अधिक दीप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भगवान श्रीराम के शुभागमन की प्रतीक्षा में राममय हुआ राजनांदगांव जिला। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के लिए जनसामान्य में अभूतपूर्व उल्लास एवं आनंद है। श्रीराम की कथा न केवल भारत बल्कि वियतनाम, इंडोनेशिया देश-विदेश तक फैली हुई है। युग-युगांतर तक भारतीय संस्कृति में राम कथाएं पुष्पित पल्लवित होती आयी हैं। सहज, सरल एवं जीवंत जनमानस में रचे-बसे श्रीराम के जीवन की कथा में संयोग एवं वियोग की कथाएं हैं। पिता के वचन एवं माता की आज्ञा शिरोधार्य कर वन-वन भटकने वाले प्रभु श्रीराम के आयोध्या लौटने पर जो हर्षोल्लास था, वैसे ही खुशी जिलेवासियों में दिखाई दे रही है। आस्था और भक्ति के भाव देख बरबस ही देश के प्रख्यात कवि पंडित रविद्रनाथ टैगोर की कालजयी कृति गीतांजलि की यह पंक्तियां याद आती है-

प्रभु तेरी प्रतीक्षा में जागते आंखे थक गई, तुझसे भेंट नहीं हुई, तब भी मैं तेरी राह देख रहा हूं, यह राह देखना भी मुझे प्रिय लगता है।

देश भर में प्रभु श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के लिए ऐतिहासिक उत्साह है, ऐसे संयोग विरले ही होते हैं। शबरी के मीठे बेर खाने वाले श्रीराम, माता अहिल्या को पत्थर होने के श्राप से मुक्त करने वाले श्रीराम और उनकी गाथाएं अक्षुण्य है। विषम परिस्थितियों को स्वीकार करना और उनसे राह बनाना प्रेरक एवं मार्गदर्शक है और राम-भरत मिलाप, जटायु पर कृपा, रामसेतु निर्माण, जैसे अनगिनत प्रसंग है, जो पथ प्रदर्शक हैं। राम-रावण युद्ध के परिप्रेक्ष्य में सुप्रसिद्ध कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला कालजयी की कृति राम की शक्ति पूजा के स्वर गूंज उठते हैं-

रवि हुआ अस्त, ज्योति के पत्र पर लिखा अमर, रह गया राम-रावण का अपराजेय समर, आज का तीक्ष्ण शर-विधृत-क्षिप्रकर, वेगप्रखर, शतशेलसम्वरणशील, नील नभगर्जित स्वर, प्रभु श्रीराम के शौर्य, शक्ति एवं साहस की ऐसी बानगी दूसरी नहीं है।

राजनांदगांव शहर में चारों ओर उत्साह और खुशहाली है। ऐसा लग रहा है, जैसे हमारा शहर अयोध्या हो गया है। कहीं दिया खरीदते लोग, तो कहीं प्रभात फेरी, कहीं मंदिर एवं देवालयों में घंटियों एवं प्रार्थना की मंगल ध्वनि सुनाई दे रही है। नन्हे बच्चे प्रभु श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान की वेशभूषा एवं परिधान में नजर आ रहे हैं। बच्चों के साथ बड़े-बुजुर्ग सभी इस उत्सव में शामिल हो रहे हैं।

श्री रामलला दर्शन योजना से जिलेवासियों में है भारी उत्साह

■ योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार कराएगी अयोध्या धाम स्थित श्री रामलला के दर्शन

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इससे जनमानस में अपार हर्ष का माहौल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा रामलला दर्शन की घोषणा से प्रदेश सहित जिलेवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। लोगों ने कहा कि इस पहल के माध्यम से प्रदेश वासियों को राम जन्म भूमि के दर्शन का सौभाग्य मिलने जा रहा है। इसी संबंध में गरियाबंद निवासी परस देवांगन ने कहा कि राज्य शासन द्वारा रामलला दर्शन योजना की शुरुआत करना बेहद ही सराहनीय पहल है साथ ही स्वागत करने योग्य है। यह योजना सुखदायक है, इससे आमजनों को भी भगवान श्री राम के दर्शन लाभ प्राप्त होगा। इसी तरह गरियाबंद के सत्यप्रकाश मानिकपुरी जी ने उत्साहपूर्वक बताया कि यह राज्य सरकार की अच्छी पहल है। इससे छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम स्थित भगवान राम के दर्शन करने का मौक़ा मिलेगा। इसी तरह प्रकाश कुमार निर्मलकर ने बताया कि यह योजना बहुत सराहनीय है। इस योजना से हर नागरिकों को पावन अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। इस योजना के लिए इन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को धन्उल्लेखनीय है कि धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है, जिसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा किया जाएगा। इस योजना के तहत हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्या ले जाया जाएगा। रामलला के दर्शन के लिये 18 से 75 वर्ष तक की आयु के, छत्तीसगढ़ के मूल निवासी, जो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जायेंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी। दिव्यांगजनों के लिए यथा संभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आखिरी मौका आज बस

बेमेतरा/नवप्रदेश। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां छह जनवरी यानी शनिवार से शुरू हो गई थी और यह अभी अंतिम पड़ाव में हैं, जिसकी अंतिम तिथि 22 जनवरी हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने जिलें के ऐसे नागरिक जिनकी उम्र 1 जनवरी की स्थिति मे 18 वर्ष पूर्ण कर ली हैं ऐसे नागरिकों से अपील की हैं कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए अब 2 दिन का समय ही बचा हैं, जो पात्र मतदाता अब तक मतदाता सूची में अपना नाम नहीं जुड़वा सके हैं, वे 22 जनवरी 2024 तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। मतदाता सूची मे नाम जुड़वाने हेतु विशेष रूप से 13 और 20 जनवरी को विशेष शिविर लगाए गए थे। जिलें के समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहकर नाम जोड़ने व एडिट करने का कार्य कर रहे हैं। 22 जनवरी क़ो मतदाता सूची मे नाम जोड़ने की अंतिम तिथि है ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से अपील है कि ऐसे समस्त नागरिक जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 की स्थिति मे 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिसने अभी तक अपना नाम मतदाता सूची मे नहीं जुड़ा है या ऐसे लोग जो अपना नाम एडिट करवाना चाहते है वे 22 जनवरी तक अपने नजदीकी केंद्र मे जाकर बीएलओ से सम्पर्क अपना नाम जुड़वा लें 7 सभी बीएलओ कार्य दिवस में अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन का काम कर रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आनलाइन और आफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। आनलाइन आवेदन वोटर हेल्पलाइन एप और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट 222.1श्हृद्दहृा.दृष्द्ध.दृश1.द्वठ्ठ मे लॉग इन के माध्यम से किया जा सकता है। आफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण 02 फरवरी 2024 तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर 8 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। पुनरीक्षण अवधि के दौरान 01 अप्रैल 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भावी मतदाता भी फार्म-06 में अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। जिसका निराकरण उक्त अवधि में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद किया जायेगा।

24 घंटे का चल रहा रामधुन

भाटापारा/नवप्रदेश। राम सप्ताह युवा मंडल द्वारा रामसप्ताह मंडप में 24 घंटे की रामधून जय रघुपति राघव राजा राम, जय पतित पावन सीताराम का अखंड कीर्तन प्रारंभ कर दिया गया है जो आज 22 तारीख को प्रातः 6:00 बजे समाप्त होगा। इसके पश्चात हवन पूजन उपरांत 2:00 बजे भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा राम सप्ताह मंडप से प्रारंभ होगी जो की संपूर्ण नगर का भ्रमण कर राम सप्ताह मंडप वापस आकर समाप्त होगी। पश्चात अयोध्या में बाबरी ढांचा विध्वंस में भाटापारा से गए कार सेवकों का सम्मान किया जाएगा। रात्रि में आतिशबाजी भी संपन्न होगी ।लोगों में राम जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारी उत्साह है। संपूर्ण नगर राममय हो गया है पुरुष एवं महिलाएं राम धुन में सम्मिलित होने के लिए अपने-अपने मोहल्ले से बाजा गाजा के साथ कीर्तन करते हुए राम सप्ताह मंडप पहुंच रहे हैं।

मिक्सर मशीन चोरी करने वाले 5 गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं सीएसपी अमित पटेल के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी एवं चौकी तुमडीबोड स्टाफद्वारा चोरी संबंधी अपराधों में माल मशरूका व मुलजिम पता तलाश किया गया। 19 जनवरी 2024 को प्रार्थी मनोज कुमार टावरे द्वारा चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम कन्हारडबरी में पीएचई विभाग का पानी टंकी निर्माण के लिए मिक्सर मशीन लगाया था, जिसे दिनांक 18-19 जनवरी के दरमियानी रात्रि को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना पर साइबर सेल एवं पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ की संयुक्त टीम द्वारा गवाहों एवं मुखबीरों से सूचना प्राप्त कर ग्राम लिटिया, थाना लालबाग के पांच संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा ग्राम कन्हारडबरी से मिक्सर मशीन चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपियों से मेमोरण्डम कथन लेख किया गया एवं मेमोरण्डम कथन अनुसार आरोपियों के निशान देही पर चोरी किए गए एक नया मिक्सर मशीन कीमती 1,20,000 रुपए एवं चोरी में प्रयुक्त महेन्द्रा ट्रैक्टर कीमती करीबन 3,50,000 रुपए व दो मोटर सायकल कीमती करीब 1,40,000 रुपए कुल जुमला 6,10,000 रुपए जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल निरुद्ध किया गया।

मंदिरों में बांटे संगीत व पूजन सामग्री

गरियाबंद/नवप्रदेश। 22 जनवरी को देश के तीर्थ नगरी अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में होने वाले श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्सव का माहौल है। देश के सभी धार्मिक तीर्थ स्थल और मंदिरों में विशेष साज सज्जा और रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है। मंदिरों में व्यापक पैमाने में लाइटिंग और दीप प्रज्ज्वलन की भी तैयारी है। इसके पहले बीते 14 जनवरी से 21 जनवरी तक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। 22 जनवरी को श्री राम लाल के स्थान के अवसर पर सभी मंदिरों में धार्मिक और भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाना है। इस उत्सव के अवसर पर हर वर्ग अपनी सहभागिता इसमें निभा रहा है। गरियाबंद नगर में भी इस उत्सव को और अधिक प्रभावी बनाने के दृष्टिकोण से नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने नगर के प्रमुख 22 मंदिरों में भजन कीर्तन, रामायण पाठ और हवन पूजन के लिए ज़रूरी सामग्री का अपने ओर से वितरण किया। जिससे कि सभी मंदिरों में पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ भक्तिमय कार्यक्रम संपन्न हो। मंदिरों में रामायण पाठ, भजन कीर्तन और हवन पूजन बेहतर ढंग से किया जा सके। सामग्री वितरण की शुरुआत उन्होंने नगर के प्राचीन और प्रसिद्ध शीतला मंदिर से की इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे देश के लिए ऐतिहासिक और अलौकिक है। पूरे देश में सभी तीर्थ और धार्मिक स्थलों मंदिरों में अनेक धार्मिक गतिविधियां और भजन संध्या का आयोजन भी होने जा रहा है।

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पवन अवसर पर

सजेगी भक्तिमय संगीत संध्या

■ सरदार पटेल मैदान में होगा भव्य आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश । श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोउत्सव कार्यक्रम में जिले वासियों के लिए लोकरंग अर्जुंदा द्वारा भक्ति मय संगीत संध्या का आयोजन सरदार पटेल मैदान में होगा। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार श्री अयोध्या धाम में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर कबीरधाम जिले में भी दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें 22 जनवरी को रात्रि 8.30 बजे से लोकरंग अर्जुन्दा का कार्यक्रम आयोजित होगा।

कलेक्टर कबीरधाम श्री जनमेजय महोबे ने बताया की ज़िले में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सरदार पटेल मैदान और महामाया मंदिर प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 22 जनवरी को सुबह 11:00 से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें महामाया मंदिर प्रांगण से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आम जनता के लिए रखा गया है।तत्पश्चात मानस गीत दीप उत्सव आरती होगा। सरदार पटेल मैदान में शाम 7 बजे से सुगम संगीत भगवा भारत कार्यक्रम का आयोजन होगा और उसके बाद लोकरंग अर्जुंदा द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

धान खरीदी में गड़बड़ी, 11 केंद्रों के प्रबंधक और ऑपरेटरों पर हुई कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में अनियमितता बरतने पर 11 सेवा सहकारी समिति के 28 समिति प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर पर कार्रवाई की है। इसमें एक समिति प्रबंधक पर एफआईआर, एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को सेवा से पृथक, दो समिति प्रबंधक और एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को निलंबित और 23 समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री ऑपरेटर को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

कलेक्टर श्री महोबे के निर्देश पर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा अवैध धान पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है। विगत दिवस कलेक्टर ने राजस्व, खाद्य और सहकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर अवैध धान तथा समिति प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर के कार्यों की मॉनिटरिंग कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत जांच करने पर 28 समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा धान खरीदी में अनियमितता पाई गई और उन पर कार्रवाई की गई है।

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में अनियमितता बरतने पर सेवा सहकारी समिति सुरजपुरा के डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री अनिल कुमार खरे को सेवा से पृथक किया गया है। सेवा सहकारी समिति दामापुर के धान खरीदी केंद्र प्रभारी दिनेश कुमार चंद्राकर को निलबित और प्राथमिकी दर्ज किया गया है। सेवा सहकारी समिति बोदा (तरेगाव जंगल) के धान खरीदी केंद्र प्रभारी श्री रमेश मरावी और डाटा एंट्री ऑपरेटर साधराम पटेल को निलंबित किया गया है। सेवा सहकारी समिति कोको के समिति प्रबंधक श्री राज कुमार यादव, सेवा सहकारी समिति कुकदुर के समिति प्रबंधक श्री रोहित डडसेना, धान खरीदी प्रभारी श्री सोहन जायसवाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री अमित बाजपेयी, सेवा सहकारी समिति पेंड्रीकला के समिति प्रबंधक श्री अजय चंद्राकर, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री कैलाश चंद्रवंशी, बरदाना प्रभारी श्री तारकेश्वर चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति कुंडा के समिति प्रबंधक श्री गंगाराम चंद्राकर, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री कनक राम साहू, बारदाना सुपरवाइजर श्री संजय चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति महली के समिति प्रबंधक श्री दिनेश यादव, धान खरीदी केन्द्र प्रभारी श्री अजय चंद्राकर, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री ललित चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति मोहगाव के समिति प्रबंधक श्री उत्तम शर्मा, धान खरीदी केंद्र प्रभारी श्री ओंकार चंद्रवंशी, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री जशवंत पूरी गोस्वामी, सेवा सहकारी समिति पंडातराई के समिति प्रबंधक श्री विजय चंद्रवंशी, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री रमेश चंद्रवंशी, सेवा सहकारी समिति बाघामुडा के समिति प्रबंधक श्री राजेश चंद्राकर, कंप्यूटर आपरेटर श्री आकाश तिवारी सेल्समेन, श्री जयराम चंद्राकर और सेवा सहकारी समिति दशरंगपुर के समिति प्रबंधक श्री ताईं सिंह बैंस, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री पवन चंद्रवंशी, बारदाना सुपरवाइजर श्री राजेश यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

एक स्थायी वारंटी गिरफ्तार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। 21 जनवरी को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधि. डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे पैसा लेकर लौटाने से इंकार कर फरार रहने से माननीय न्यायालय के द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था , जिसे आज दिनांक 21.01.2024 को स्थायी वारंटी आरोपी ओमप्रकाश देवांगन उम्र- 43 साल पता- दुर्गा चोंक टंकी मडौदा, जिला दुर्ग , छ0ग0, को न्यायालय राजनांदगांव के प्रकरण 2201/15 धारा- 138 एनआई एक्ट टीकम लाल विरूद्ध आरोपी ओमप्रकाश देवांगन ,द्वारा न्यायालय उपस्थित नही होने पर थाना डोंगरगांव पुलिस टीम के द्वारा लगातार आरोपी के सकुनत व अन्य स्थानों पर पता तलाश किया पता चलने पर गिर0 कर माननीय न्यायालय पेश किया है । गिर0 मे थाना डोंगरगांव पुलिस टीम का भुमिका सराहनीय रहा ।

गुमशुदा को पुलिस ने किया बरामद

डोंगरगांव/नवप्रदेश। 21 जनवरी को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु अधि डोंगरगाव दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव मे दर्ज अप0 क्र0 203/23 धारा- 363 भादवि मे गंभीरता से संज्ञान लेते हुये अपहृता का पता साजी एवं आरोपी तलाश किया जा रहा था जो कि दिनांक 19.01.24 को अपहृता को दस्तयाब किया गया है एवं महिला अधिकारी से धारा 161 जाफौ0 का कथन कराया गया है पीड़िता के कथनानुसार प्रकरण में धारा 366, 376, 376 (2) (ढ़) भादवि0 4,6 पाक्सो एक्ट जोडी गई है। एवं आरोपी राहुल गायकवाड पिता हंबीराव गायगवाड, उम्र 29 साल, निवासी कोगनोरी थाना निपानी, जिला बेलगम (कर्नाटक) को विधिवत गिरफ्तारी का कारण बताकर दिनांक 21.01.24 के बजे गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनो को दिया गया है।

परपोडा में रहेंगी राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम

बेमेतरा/नवप्रदेश। अयोध्या में राम लला के आज विराजमान होंगे उससे पहले ही पूरा देश राम के रंग डूब चुका हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए न सिर्फ अयोध्या बल्कि देशभर में तैयारियां चल रही हैं। ऐसा ही छत्तीसगढ़ के गांव गांव में भी हो रहा हैं। अब इस आयोजन के जरिए छत्तीसगढ़ 3 बड़े रिकॉर्ड अपने नाम करने वाला है, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही 21 जनवरी को रायपुर में 'भांचा राम ननिहाल महोत्सव' मनाया जाएगा। भगवान राम का ननिहाल छत्तीसगढ़ पूरी तरह से राममय होने की तैयारी कर चुका हैं। इसी तरह बेमेतरा जिला के ग्राम परपोड़ा में पूरी तैयारी हो चुकी हैं, पूरा गांव राम भक्ति में झूम रहा है, छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध में उत्साह हैं। राम भक्त नीरज राजपूत ने बताया अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही हैं। भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रोज गांव में राम भक्तों के द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाल रहे हैं। सांयम काल अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही हैं, जिसमें बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। यात्रा की स्वागत हर घरवासी बड़ी उत्साह के स्वागत किये, साथ ही साथ अयोध्या से आये अक्षत देकर ग्राम को अयोध्या की तर्ज में राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को मनाने को न्योता दिया गया, ताकि 22 जनवरी के दिन को यादगार बनाया जा सकें।

छग कलार समाज साजा ने किया भगवान सहस्त्रबाहु पूजन एवं पारिवारिक मिलन

साजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कलार समाज मंडल साजा के द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु का पूजन एवं पारिवारिक मिलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगर समेत पुरे साजा मंडल के सामाजिक बंधु उपस्थित रहें। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शालिनी मनोज जायसवाल अध्यक्ष नगर पंचायत साजा, अध्यक्षता टीकाराम डड़सेना मंडलेश्वर साजा, जिला संरक्षक राजेश जायसवाल, विशिष्ट अतिथि वीरेंन्द्र जायसवाल व अन्य अतिथियों के द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु का पूजन अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। कार्यक्रम में पारिवारिक मिलन के साथ प्रतिभावान सामाजिक बच्चों को शिक्षा व खेलकुद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में सम्मान पत्र भी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला मंत्री मोहन सिन्हा, प्रदेश कार्यकारणी सुरेश सीहोरे, जिला अध्यक्ष युवा मंच बेमेतरा शिवझड़ी सिन्हा, मंडल सचिव मीनाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष सहदेव सिन्हा, धर्मशाला समिति अध्यक्ष रामाधिन सिन्हा, सचिव विक्की टुमेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष ठुबलू राम सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष मंडल साजा जमुना जायसवाल समेत तमाम पदाधिकारी, ग्राम प्रमुख, क्षेत्रधिकारी समेत नगर के समाजिक बंधु उपस्थित रहें।

श्रृंगी ऋषि पर्वत की गई साफ-सफाई

नगरी/नवप्रदेश। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे भारत में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलने का आह्वान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया। दिन रविवार को सिहावा श्रृंगी ऋषि पर्वत मे नगर पंचायत नगरी के आधिकारी/कर्मचारियो के द्वारा साफ सफाई कार्य किया गया जिसम ने परिसर की साफ सफाई किया। जिसमे मुख्य नगर पालिका अधिकारी इंजीनियर साथ नगर पंचायत नगरी की समस्त कर्मचारी गण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे उपस्थित थे।

भारत आज सरयू के किनारे एक स्वर्णिम अध्याय रच रहा : भावना

कवर्धा/नवप्रदेश। आज 22 जनवरी को पूरे देश में दीपोत्सव मनाने के लिए भारतवर्ष का हर एक नागरिक उत्साहित है।अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ ही श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा देश उत्साहित है, इसी कड़ी में आज पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत पंडरिया में पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा समस्त नागरिक और सर्वसमाज की सक्रीय सहभागिता से पूरे विधानसभा में उत्साह का माहौल है साथ ही आज के दिन को विशेष बनाने के लिए हर व्यक्ति अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे हैं। समस्त नगरवासी एवं सर्वसमाज द्वारा इस आयोजन को और भी भव्य बनाने के लिए विधानसभा के विभिन्न स्थानों में प्रसाद वितरण एवं भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही संस्कृति विभाग द्वारा पंडरिया में मानस गान का सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण के संघर्ष में सहभागी रहे कारसेवकों को भी सम्मानित किया जाएइस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा की शताब्दियों के संघर्ष और प्रतीक्षा के उपरांत, हम सभी के आराध्य रामलला नव्य, भव्य एवं दिव्य राम मंदिर में विराजने वाले हैं। 22 जनवरी को हम सभी इस ऐतिहासिक अनुष्ठान के साक्षी बनेंगे। भगवान राम के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प पूर्ति की भी तिथि है। वर्षो पहले, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय लाल कृष्ण आडवानी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ-साथ हजारों कारसेवकों द्वारा राम मंदिर के लिए शुरू हुई उनकी यात्रा आज सिद्ध हो रही है। मैं राम जन्मभूमि आंदोलन के संघर्ष से लेकर उसकी सिद्धि तक भगीरथ प्रयासों में सहभागी बनने वाले हर व्यक्ति को कोटि-कोटि प्रणाम करती हूँ और समस्त रामभक्तों को इस ऐतिहासिक अवसर की बधाई व शुभकामनाएं देती हूँ।

इस सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अथक परिश्रम को भी मैं नमन करती हूँ। कई बाधाएं आई, लेकिन उन्होंने अपना मनोबल कभी कम नहीं किया. अपने संकल्प और करोड़ो रामभक्तों की भावनाओं को उन्होंने कभी डगमगाने नहीं दिया। कई लोगों ऐसे थे जिन्होंने अपनी राजनैतिक लाभ के लिए अड़चने लेकर आए लेकिन जिनपर सीधे श्रीराम की कृपा हो उन्हें कोई क्या अपने कर्तव्यपथ से हटा सकता है! आज उनका संकल्प भी सिद्ध हो रहा है, पूरा देश ही नहीं बल्कि विश्व भारत की पुरातन संस्कृति से अवगत हो रहा है। आज देश का हर व्यक्ति इस महायज्ञ में अपनी सहभागिता निभा रहा है। हर गाँव शहर में मंदिरों में स्वच्छता अभियान, साज-सज्जा, राम जी के आगमन के लिए तैयारियों एवं दीपोत्सव मनाने के लिए पूरी तरह तैयार है और आज का दिन भारत में दीपावली से कम नहीं होगा।

आज पूरे पंडरिया विधानसभा में भी हर रामभक्त इस ऐतिहासिक क्षण में प्रतिभागी बनने के लिए उत्साहित है। चारो ओर भगवान श्रीराम जी के स्वागत की तैयारियों में लोग जुटे हुए हैं। श्रीअयोध्या से आए अक्षत कलश के प्रति हर व्यक्ति व वर्ग में एक सम्भाव की भावना ने जिस उत्साह से उसका स्वागत किया वह भारत जैसे संस्कृति संपन्न देश में ही देखने को मिल सकता है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर धार्मिक आस्था का प्रतीक होने के साथ-साथ, श्री राम मंदिर एक अद्भुत वास्तुशिल्प कृति है। भारत की आध्यात्मिक विरासत और भगवान राम की अमर प्रसिद्धि के जीवित प्रमाण के रूप में, यह मंदिर अयोध्या को भारत की आध्यात्मिक राजधानी बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

युवक की हत्या, नाबालिक समेत 4 गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम भरेगांव निवासी मृतक हुलेश चंद्राकर पिता राजकपूर चंद्राकर, उम्र 18 वर्ष अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ मंडई कार्यक्रम देखकर रात्रि 20.30 बजे वापस अपने घर आ रहा था, तभी अटल मंच के पास आरोपी वेदप्रकाश रजक अपने 3-4 दोस्त आरोपी अमन राजपूत नवीन रजक देवेंद्र सेन एवं वि.सं.बा. के साथ मिलकर पुराने वाद-विवाद की बात को लेकर सभी एक राय होकर धारदार चाकू से हुलेश चंद्राकर के जांघ, गले व पीठ के पीछे वार कर चोट पहुंचाए और वहां से भाग गए। दौरान बीच-बचाव करने आए मृतक के पिता राजकपूर चंद्राकर एवं कुंजन साहू तथा पुष्पेंद्र साहू को भी चोट लगा है, वहीं हुलेश चंद्राकर का मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गया, जिस पर धारा 302, 34 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामला गंभीर होने से तत्काल पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम लाल ध्रुव के नेतृत्व चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा 24 घंटे के भीतर आरोपीगण एवं विधि से संघर्षरत बालक का सरगर्मी से पता तलाश कर पकड़ कर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जप्त किया जाकर आरोपीगणों एवं वि.सं.बा. के विरुद्ध अपराध धारा सदर का घटित करने पर्याप्त सबूत पाए जाने पर विधिवत् गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय पेश कर 4 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा पर जेल दाखिल किया गया है एवं वि.सं.बा. को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

राजिम पहुंचे कलेक्टर, तैयारियों का लिया जायजा

■ **महानदी के तट पर जलाए जाएंगे एक लाख दिए**

गरियाबंद/नवप्रदेश। योध्या में श्री राम लला राम प्रतिष्ठा की तैयारी पूरी जोर-जोर से की जा रही है। 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में भी भक्तिमय माहौल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला मुख्यालय और विकासखंड मुख्यालय में मानस गान कार्यक्रम और भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज राजिम पहुंचकर 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर मानस गान कार्यक्रम के लिए किए जा रहे आवश्यक तैयारियों का अवलोकन कर भव्य और भक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजिम में नागरिकों के समन्वय से महानदी के तट पर एक लाख दिए जलाए जाएंगे। कलेक्टर ने नगर पंचायत के अधिकारियों को आयोजक समिति से समन्वय कर इसकी भी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनकर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी तैयारियों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, एसडीएम राजिम श्री धनंजय नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक गण मौजूद रहे।

नान वेयरहाउस एवं सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा-

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम प्रवास के दौरान खाद्यान्न भंडारण के लिए बनाए गए नागरिक आपूर्ति निगम के वेयरहाउस का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्यान्न भंडारण के लिए किए गए आवश्यक व्यवस्था एवं बोरियों के स्टेकिंग आदि एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने चावल में फोर्टीफाइड राइस की आवश्यक मात्रा में उपलब्धता के बारे में भी मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों के उचित इलाज के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कमार जनजातियों के पीएम आवास योजनांतर्गत

घरों के नींव रखने नवाचार के रूप में मनाया जिले में कुड़िया दिवस

नगरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना के मेगा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजातियों वर्ग के लोगों को आवास निर्माण की सौगात दी। इस अवसर पर जिले के कमार आदिवासियों के प्रमुख, प्रतिनिधि, ग्रामीण और आसपास के बसाहट के लोगों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया था कि, जिले में 20 जनवरी को कुड़िया दिवस का आयोजन कर सामूहिक रूप से एक साथ जिले की 122 बसाहटों में कुड़िया (आवास) की नींव रखेंगे। इस कार्य में वे एक दूसरे की सहायता करते हुए निर्माण सामग्री आदि उपलब्ध करायेंगे और कुड़िया निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूरा करेंगे। इस कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री गांधी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी और कमार वर्ग के लोगों ने खुशी-खुशी हिस्सा लिया।

कमला कालेज चौक में भंडारा आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन पूरे देश में त्यौहार मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में स्थानीय कमला कालेज चौक में दिनांक 22 जनवरी को दोपहर साढ़े बारह बजे से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। रावतपुरा सरकार भक्त मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस भंडारे में डंपर को प्रसादी वितरण किया जाएगा एवं शाम सात बजे दीपमालिका प्रज्ज्वलित कर भव्य आतिशबाजी की जायेगी। समिति के गगन गुप्ता, विनय सिंह, विकास सिंह, सोनू टांडिया, गौरव खंडेलवाल, सुरेंद्र पांडे, गोलू गुप्ता, पंकज अग्रवाल, विवेक सेरुवा ने संस्कारधानी की जनता से बड़ी से बड़ी संख्या में उपस्थित हो कर भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

आज रौशन होंगे सरकारी बिल्डिंग

बेमेतरा/नवप्रदेश। धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। बेमेतरा ज़िले में भी समारोह को लेकर उत्साह में कोई कमी नहीं हैं। बेमेतरा ज़िले में भव्य एवं वृहद रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम और कला जत्था के माध्यम से जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किया जा रहा हैं। जिला मुख्यालय बेमेतरा सहित चारों विकासखंडों बेमेतरा, बेरला, साजा और नवागढ़ में प्रमुख मंदिरों में मानस मंडलियों के मानस गायन का कार्यक्रम आयोजित जा रहा हैं। आसपास के सरकारी व गैर सार्वजनिक संस्थानों में समारोह लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। कल सोमवार की देर शाम से ही सरकारी/सार्वजनिक भवनों में रंगीन विद्युत झालरों की सजावट की जाएगी। इमारतें इनकी रोशनी से जगमग होंगी। श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रात्रि में सभी शासकीय/सार्वजनिक भवनों पर रौशनी की जाएगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के उपलक्ष्य में 22 जनवरी की रात्रि सभी शासकीय व सार्वजनिक भवनों में निर्देशानुसार रोशनी करने कहा हैं।

भाटापारा हुआ राममय, राम लक्ष्मन सीता हनुमान की निकली झांकी

भाटापारा/नवप्रदेश। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शहर से लेकर गांवों तक लोगों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। एक ओर पूरे देश में उत्सव का माहोल है वही पूरा भाटापारा शहर भी श्री राममय हो गया है।नेहरू वार्ड स्थित बड़े हनुमान मंदिर से भगवान श्री राम की भव्य सजीव झांकी के साथ जहा सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे साथ चल रहे थे वही भगवान की जगह जगह आरती उतारकर पुष्प वर्षा से लोग स्वागत कर रहे थे।

22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे शहर में दीपावली सा माहोल है। शनिवार को जहा युवाओं ने मोटर सायकल रैली निकाल कर पूरे नगर को एक बार फिर से राममाय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी वही नेहरू वार्ड बड़े हनुमान मंदिर से रोजाना बाजे गाजे के साथ निकल रही प्रभात फेरी ने शहर के वातावरण में चार चांद लगा दिया।शनिवार हनुमान चालीसा पाठ समिति के बैनर तले शुक्रवार की प्रभात फेरी में भगवान श्री राम,माता जानकी,भगवान लक्ष्मन और हनुमान जी के वेश भूषा में नन्हे बच्चों की सजीव झांकी ने लोगो को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

अवैध धान परिवहन और भंडारण पर कलेक्टर ने एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

■ **जिले में 17 जनवरी की स्थिति में 837 क्विंटल अवैध धान और 7 वाहन की जप्त**

कवर्धा/नवप्रदेश । कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व, खाद्य और सहकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर अवैध धान पर एफआईआर की कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने समितियों और मिलर्स में वास्तविक धान की उपलब्धता के सत्यापन के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को कड़ी निर्देश देते हुए कहा कि जिले में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीदी कर ली गई है। अब केवल वास्तविक बचे पात्र किसान का ही धान खरीदना है। अंतिम दिवस में कोचिया बिचौलिया द्वारा धान विक्रय की संभावना बनी रहती है, जहां ऐसी शिकायत आती है तत्काल जांच कर एफआईआर की कार्रवाई करे। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में अनियमितता बरतने पर 11 सेवा सहकारी समिति के 28 समिति प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर पर बड़ी कार्रवाई की है। इसमें एक समिति प्रबंधक पर एफआईआर, एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को सेवा से पृथक, दो समिति प्रबंधक और एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को निलंबित और 23 समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री ऑपरेटर को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। जिले में 17 जनवरी तक जांच के दौरान 837 क्विंटल अवैध धान और 7 वाहन जप्त की कारवाई की गई है। पंडरिया में 314 क्विंटल, सहसपुर लोहारा में 74 क्विंटल, बोड़ला में 180 क्विंटल और कवर्धा में 268 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व अधिकारी, मंडी निरीक्षक तथा खाद्य निरीक्षक धान खरीदी केंद्रों में जाकर फिजिकल वेरिफिकेशन करे और जहां गड़बड़ी पाई जाती है वहां समिति प्रबंधक के ऊपर कार्रवाई करे। जिन समिति प्रबंधकों द्वारा गड़बड़ी की गई है उनको निलंबित किया गया है। इसी तरह संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों में एक अधिकारी की नियुक्ति करे और उनके सामने प्रत्यक्ष रूप से खरीदी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्रों के कोचियों का लिस्ट प्राप्त कर उनके स्टॉक का सत्यापन करें और जहां धान खपाने की कोशिश की जा रही वहां कड़ी कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि जिले में फसल कटाई प्रयोग किया गया है। जिसके औसत के आधार पर धान खरीदी की जाए। इससे ज्यादा खरीदी होने पर पहले सत्यापन करे उसके बाद धान खरीदी करें।

कलेक्टर ने जिले में संचालित राइस मिलों में धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कई जिले में राईस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के लिए उठाव किये गये धान की रिसाइक्लिंग कर उसे धान खरीदी केन्द्रों मे अवैध रूप से बेचने की आशंका जताई जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित सभी राईस मिलों के धान के स्टाक की जांच कराई जाये और धान के स्टाक मे गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों से संवेदनशीलता के साथ सभी पात्र किसानों का धान खरीदी करना है, इसमें किसानों को कोई समस्या नही होनी चाहिए। बैठक में अपर कलक्टर श्री इंद्रजीत बर्मन, कवर्धा एसडीएम श्री पीसी कोरी, पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, बोड़ला श्री अनुपम टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर एवम् प्रभारी खाद्य अधिकारी आकांक्षा नायक उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

अग्निवीर वायु भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन 6 फरवरी तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय वायुसेना भर्ती द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन परीक्षा 17 मार्च 2024 को आयोजित की गई है। ऑनलाईन परीक्षा में शामिल होने के लिये उम्मीदवारों को 6 फरवरी 2024 तक वायुसेना के वेबसाईट डब्ल्यूडब्लयूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन में जाकर पंजीयन करना होगा। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय, राज्य की शिक्षा बोर्ड, संस्था से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय, त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंको एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट, 102 परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार को 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के बीच का जन्म होना चाहिए। उम्मीदवार की उंचाई पुरूष हेतु 152.50 सेमी. महिला हेतु 152 सेमी. सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी. महिला आवेदक हेतु समानुपात में वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को 04 वर्ष के लिए चयन किया जायेगा तथा अग्निवीर वायु भर्ती के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। जिसमें प्रथम वर्ष 30 हजार रूपये एवं भत्ता की राशि देय होगी।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाता को आधार सीडिंग अनिवार्य

गरियाबंद/नवप्रदेश। ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति का भुगतान भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा डी.बी.टी. के माध्यम से किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत विद्यार्थियों के बैंक खाता क्रमांक को आधार से सीडिंग एवं एनपीसीआई मैपिंग अनेबल होने के पश्चात् ही विद्यार्थियों के खाते में छात्रवृत्ति राशि हस्तानांतरित होगी। बिना बैंक खाता आधार सीडिंग के छात्रों के बैंक खाते में छात्रवृत्ति राशि का भुगतान हो पाना संभव नहीं है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आई.टी.आई. एवं पॉलीटेक्निक आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है, वे 22 जनवरी 2024 तक आप अपने बैंक शाखा में जाकर अनिवार्य रूप से बैंक खाते को आधार से सीडिंग कराये एवं एनपीसीआई मैपिंग भी अनेबल कराये, ताकि छात्रवृत्ति राशि खाते में हस्तानांतरण संबंधी कार्यवाही की जा सके। बैंक खाता क्रमांक को विद्यार्थियों के द्वारा आधार से सीडिंग नहीं करने की स्थिति में विद्यार्थी छात्रवृत्ति राशि से वंचित हो जायेंगे। समय सीमा में सभी विद्यार्थी उक्त कार्यवाही कर कार्यालय को सूचित करें।

गायत्री मंदिर में दीप यज्ञ आज

रामायणी महिलाओं का किया जायेगा सम्मान

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के सोमवार 22 जनवरी को नूतन विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर पूरे देश में आयोजित भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गायत्री मंदिर डोंगरगांव में भी कल 22 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे से विशाल दीप यज्ञ का आयोजन किया गया है । इस दौरान प्रभु श्रीराम जी को 11 किलो बूंदी का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष बालकृष्ण सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इसके अलावा गायत्री मंदिर में विगत 28 दिसंबर से प्रतिदिन रामायण पाठ और भजन करने वाली महिला मंडल की सम्माननीय सदस्यों का भी अभिनंदन किया जाएगा। उन्होनें समस्त परिजनों सहित धर्मप्रेमीजनों से अधिकाधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

अर्जुनी के वार्ड 2 और 3 में गंदगी, निर्माण कार्य भी अधूरा, पूरा करने की मांग

अर्जुनी/नवप्रदेश। ग्राम अर्जुनी में इन दिनों सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है जिधर देखो उधर गंदगी अटा पड़ा है गांव के ह्रदय स्थल से लेकर सभी वार्डो की हालत जस की तस है। इतना ही नही वार्ड क्रमांक 2 और 3 कि हालत तो बद से बदत्तर हो चुका है, रकवासियों का तो रहना मुहाल हो गया है। मुख्य मार्ग से लगे वार्ड दो और तीन की आधी अधूरी विकास सरकारी रिकार्ड में तो दुरुस्त है लेकिन हकीकत कुछ और ही है, वार्ड सो की आधा अधूरा विकास रहवासियों के लिए मुसीबत बन गया । बता दे कि वार्ड में सीसी रोड व नाली निमार्ण आधा बनाकर छोड़ दिया गया है ।साफसफाई के अभाव में बजबजाती गंदी नाली से

निकलने वाली बदबू के बीच लोगो को रहना पड़ रहा है। इतना ही नही यँहा के लोगो को अधूरे निर्माण के अभाव में रोज़मर्रा के कार्य के लिए कीचड़ पार करके अपने गंतव्य स्थल तक जाना पड़ रहा है।लोगो ने बताया कि अधुरे निर्माण को पूरे करने की मांग करने पर जल्द ही निमार्ण कार्य करने की बात जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाती किन्तु निर्माण कार्य कंही पर दिखता ही नही वंही इस विषय पर वार्ड पंच से संपर्क करने की कोशिस किया गया किन्तु संपर्क नही हो पाया वार्ड के लोगो ने नाली की नियमित सफाई व अधुरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है।

विज्ञान मेले में पहुंचे कलेक्टर अग्रवाल, बच्चों का बढ़ाया मनोबल

- **छात्र-छात्राओं ने सहज उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर पाठ्यक्रम आधारित विज्ञान मॉडल तैयार करके प्रदर्शित किए**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आज गरियाबंद के कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में जिला स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, आनंद मेला, कबाड़ से जुगाड़, पुस्तक मेला, क्विज कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विज्ञान मेला में बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया। साथ ही कबाड़ से जुगाड अंतर्गत अनुपयोगी वस्तुओं से दैनिक जीवन में उपयोगी चीजे बनाने के प्रोजेक्ट का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए विज्ञान मॉडल को देखकर उन्हें लगातार वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखते हुए नई नई चीजे सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। विज्ञान मेले के आयोजन में छात्र-छात्राओं ने सहज उपलब्ध सामग्री का उपयोग कर पाठयक्रम आधारित विज्ञान मॉडल तैयार करके प्रदर्शित किए। विज्ञान का उपयोग दैनिक जीवन में उपयोग करने के तरीकों की जानकारी दी गई। विज्ञान मेला के माध्यम से हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान के प्रति जानकारी जुटाने की कोशिश की गई। इस विज्ञान मेले में मुख्य रूप से विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण से संबंधी माडल बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे।

शीतला मंदिर परिसर में साफ-सफाई

- **कलेक्टर दीपक अग्रवाल समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि व आम नागरिक हुए शामिल**

गरियाबंद/नवप्रदेश। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशभर में 14 से 21 जनवरी तक मनाए जा रहे स्वच्छ तीर्थ स्वच्छ भारत अभियान के तहत रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में पालिका प्रशासन द्वारा शीतला मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें प्रमुख रूप से कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और कलेक्टर दीपक अग्रवाल के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा प्रशानिक अमले ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाई और कूड़ा कड़कट एकत्रित कर डिस्पोज किया। लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, पार्षद ऋतिक सिन्हा, प्रतिभा पटेल, ज्योति सहनी, चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा, विनय दासवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता अभियान अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 14 से 21 जनवरी तक स्वच्छता सप्ताह मनाया जा रहा है। यह एक सराहनीय अभियान है। देश के हर नागरिक स्वस्फूर्त ही इसमें जुड़ रहा है। धार्मिक स्थलों और मंदिरों के सफाई और साज सज्जा होने के साथ ही 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन सभी मंदिर जगमग होंगे। उन्होंने नगर के लोगो से भी अपील करते कहा कि नगर के धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई रखे, गंदगी न फैलने दे। मौके पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा कि देशभर में आज स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अच्छी पहल है। जब हम सब और समाज का हर वर्ग जागरूक होगा, इसके महत्व को समझेगा तब देश स्वच्छता और स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेगा।

मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति से बच्चों ने मोहा मन

कुरूद/नवप्रदेश। कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में आनंदोत्सव 2024 का आयोजन रखा गया। पूरी तरह से सजे विद्यालय प्रांगण में इस कार्यक्रम में उत्साह और उमंग चरम पर रहा। इस कार्यक्रम में पालक अतिथि के रूप में चिकित्सक मनीष राजा देवांगन ,इंजिनियर देवेंद्र पटेल,कुरूद कॉलेज प्रोफेसर हितनारायण टंडन,अधिवक्ता गुलवंत सोलंके,व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष रवि चंद्राकर,राष्ट्रीय स्तर के अंपायर हरीश देवांगन,कृषक वीरेंद्र साहू,भूतपूर्व सैनिक चंद्रहास सिन्हा,व्यापारी सीतेश्वर सिन्हा,वरिष्ठ नागरिक सुरेश अग्रवाल, प्रकाश सिंह राजपूत,प्रीति अग्रवाल ,राधिका साहू,यादराम साहू, प्रकाश शर्मा, वितेश वर्मा ,प्रबंधक विश्वनाथ चंद्राकर, उपप्रबंधक योगेश चंद्राकर सहित पालक अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा रिबन काटकर की गई। तदउपरांत सरस्वती वंदना और अतिथि स्वागत सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात बच्चों ने इस विभिन्न व्यंजनों से सुसज्जित स्टॉल लगाकर स्वादिष्ट खाद्य सामग्री , मनोरंजक खेलों आदि द्वारा सबका ध्यान खींचा। वहीं मुख्य मंच से संस्था के प्रतिभावान बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत नृत्य ,सिंगिंग सहित फन एक्टिविटी , जीके प्रश्नोत्तरी ,शानदार खेल और ओपन स्टेज परफार्मेंस की श्रृंखलाबद्ध प्रस्तुतियों ने समां बांधा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विशेष प्रस्तुतियों के रूप में भगवान श्रीराम चंद्र जी के अयोध्या आगमन से जुड़े नृत्यों ,सिंगिंग की प्रस्तुति ने वातावरण को राममय कर दिया। इसी तरह धार्मिक ,शिक्षाप्रद नाटकों में बच्चों ने बेहतरीन संवाद कौशल द्वारा उपस्थित पालकों और अतिथियों का दिल जीत लिया।साथ ही साथ कार्यक्रम के बीच में पूरे मैदान में एंकरिंग कर रहे करन सिन्हा ने कार्यक्रम में शामिल पालकों और अन्य अतिथियों को प्रश्न पूछते हुए उनका मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और उनके पालकों ने इस मनोरंजक से भरपूर वातावरण का अंत तक आनंद लिया। बच्चों में इसके लिए काफी दिनों पूर्व से तैयारी की थी। उनका उत्साह चरम पर था।जिसमें एक तरफ जहां बच्चों ने स्टॉल के माध्यम से खाद्य पदार्थो का मजा लिया।

रामभक्ति से सराबोर रहेगा जिला बालोद

बालोद/नवप्रदेश। भगवान श्रीरामचंद्र की जन्मस्थली अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश एवं प्रदेश की भांति सम्पूर्ण बालोद जिला रामभक्तिमय होकर भगवान श्रीराम की भक्ति से सराबोर रहेगा। इस अवसर पर बालोद जिला प्रशासन द्वारा बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा के माँ बंजारी माता मंदिर प्रांगण में सोमवार 22 जनवरी को जिला स्तरीय भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जुंगेरा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिले के सभी मंदिरों, आश्रम, छात्रावासों, ग्राम पंचायतों सहित विभिन्न स्थानों में दीप प्रज्वलन एवं रामभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जिले के सभी ग्राम पंचायतों, जनपद स्तरीय एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान तथा मानस मंडलियों द्वारा मानस गान का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जुंगेरा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित मानस गायन, दीपोत्सव, कलश यात्रा सहित विभिन्न भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने तैयारी कर ली गई है।

राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ई-केवाईसी एवं मोबाईल नंबर अनिवार्य

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश में नये सरकार के गठन के साथ ही राशनकार्ड के नवीनीकरण को अनिवार्य कर दिया गया है। खाद्य विभाग इसके लिए व्यापक तैयारी कर रहा है। आगामी फरवरी माह के खाद्यान्न वितरण के साथ ही खाद्य विभाग के राशनकार्डो का नवीनीकरण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। जिले में राशनकार्डो में खाद्यान्न का वितरण वर्तमान में ई-पॉस मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। राशनकार्ड नवीनीकरण ई-केवाईसी करते हुए प्रत्येक उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण के साथ ही किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक हितग्राही को अपने राशनकार्डो के साथ-साथ आधार कार्ड भी लेकर आना है। उचित मूल्य दुकान में ही मोबाईल एप के माध्यम से राशनकार्ड एवं आधार के क्यू-आर कोड को स्कैन करते ही ऐप मे हितग्राहियों की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो जायेगी। हितग्राहियों का फिंगर स्कैन एवं मोबाईल नंबर की जानकारी मौके पर ही दर्ज की जायेगी। इस प्रक्रिया में 1 से 2 मिनट में पूर्ण कर ली जायेगी। जिला खाद्य अधिकारी सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि राशनकार्ड नवीनीकरण ऐप विभाग ने लांच कर दिया गया है। खाद्य अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण सह ऐप की प्रारंभिक जानकारी प्रदान कर दी गई है। सहायक खाद्य अधिकारी श्री मदन मोहन साहू ने बताया कि क्यू-आर कोड के माध्यम से राशनकार्ड को स्कैन करते ही हितग्राही की जानकारी ऐप में प्रदर्शित होगी, जिसमें परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी होगी। परिवार के सभी सदस्यों को ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग के वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट खाद्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन के पब्लिक डोमेन मे भी यह ऐप उपलब्ध है। इसके अलावा हितग्राही भी अपने स्वयं के राशनकार्ड में दर्ज मोबाईल नंबर पर राशनकार्ड सत्यापन ऐप को डाउनलोड कर स्वयं अपने राशनकार्ड का ई-केवाईसी कर सकते हैं। ऐसे सभी राशनकार्डधारियों के लिए अपने पूर्व से पंजीकृत मोबाईल नंबर देना अनिवार्य होगा। साथ ही नए मोबाइल नंबर सीडिंग किया जाना अनिवार्य है। गरियाबंद जिले के सभी राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा कि वे माह फरवरी के राशन के वितरण के समय अपने एवं परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड लेकर खाद्यान्न लेने आना सुनिश्चित करेंगें।

अंबुजा अडानी सीमेंट सयंत्र कर रहा स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा

- **बाहरी राज्यों के लोगों को दे रहे प्राथमिकता**
- **स्थानीय कर्मचारियों को सेवामुक्त करने के लिए प्रयास तेज**

अर्जुनी/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से 11 किलोमीटर की दूरी पर सीमेंट संयंत्र क्षेत्र ग्राम रवान के अम्बुजा?अडानी सीमेंट संयंत्र में स्थानीय युवा बेरोजगारों के साथ उपेक्षा किया जा रहा है।इतना ही नही स्थानीय मजदूरों को संयंत्र में काम नहीं दिया जा रहा है , संयंत्र के अधिकारियों के द्वारा बाहरी ठेकेदारों से साठ गांठ कर सभी राज्यों से आने वाले मजदूरों को संयंत्र में प्राथमिकता दिया जा रहा है ।अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र में बाहरी राज्यों से आने वाले मजदूरों की संख्या लगभग 800 से 1200 है वही स्थानीय मजदूरों की संख्या संयंत्र में नाम मात्र है। गांव के स्थानीय मजदूरों के द्वारा जब भी काम मांगा जाता है तो ठेकेदार द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है कि एच आर एम हेड द्वारा द्वारा स्थानीय मजदूरों को काम में रखने से माना किया गया है जब तक एच आर एम हेड नहीं बोलते तब तक हम स्थानीय मजदूरों को काम में नहीं रख सकते अगर आपको काम करना है तो एच आर एम से लिखवा कर लाना होगा। ठेकेदारों के इस दोहरे रवैये से स्थानीय युवा बेरोजगारों में काफी रोष व्याप्त है।

ज्ञात हो कि ग्राम रवान के अंबुजा सीमेंट संयंत्र द्वारा अपने संयंत्र का विस्तार किया जा रहा है संयंत्र अपने तीसरी यूनिट के विस्तार में लगा हुआ है जिसमें काम करने के लिए बाहरी राज्यों के मजदूरों को काम में लिया जा रहा है बाहरी राज्यों से आने वाले मजदूरों को तुरंत काम में रख लिया जाता है, वही स्थानीय मजदूरों को आश्वासन देकर भगा दिया जाता है समय-समय पर युवा बेरोजगारों द्वारा इसका विरोध किया गया है परंतु संयंत्र के आला अधिकारीयों द्वारा युवा बेरोजगारों को फर्जी केस में फसा दिया जाता है जिसके कारण युवा बेरोजगारों एवं ग्राम वासियों में भय व्याप्त है।

क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि संयंत्र विस्तार के लिए जब जमीन ली जाती है तो सयंत्र के आला अधिकारियों द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की बात पर जोर दिया जाता है साथ ही प्रभावित ग्रामों को जमीनी स्तर की बुनियादी सुविधा मुहैया कराने की बात कही जाती है परंतु संयंत्र लगते ही सारे वादे किस हवा में कंहा गुम हो जाते है पता ही नही चलता जो कि सयंत्र के कथनी और करनी में पूरी तरह से फिसड्डी साबित होते हैं ।गांव में अधिकांश युवा बेरोजगार काम की तलाश में इधर-उधर घूम रहे हैं जबकि गांव में इतने बड़े संयंत्र का विस्तार किया जा रहा है ।

बता दें कि 6 माह पूर्व अंबुजा अडानी सीमेंट सयंत्र के द्वारा ग्राम भद्रापाली में जनसुनवाई लगाया गया था। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बेरोजगारी एवं बुनियादी सुविधाओं को लेकर स्थानीय कलेक्टर के सामने जोर-सोर से बात रखा गया था कि प्रभावित ग्रामों की बुनियादी सुविधाओं को एवं युवा बेरोजगारों को संयंत्र में काम दिया जाएगा वहीं बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा परंतु आज तक संयंत्र के अधिकारियों द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है। जो कि सरासर रोजगार अधिनियम को ठेंगा दिखा रहा है, इतना ही नही जिला मुख्यालय में बैठे प्रशासनिक अधिकारी भी इस पर कन्नी काट रहे है। वंही स्थानिय लोगो को प्लांट के विस्तार में पड़े लिखे बेरोजगार युवकों को रोजगार नही मिलने पर विभिन्न संगठनों ने आवाज बुलंद करने की ठानी है।

> मेरे द्वारा किसी ठेकेदार को मना नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों को काम में रखना संयंत्र की पहली प्राथमिकता है।
> **-दिनेश पाठक,**
> मानव संसाधन प्रबंधक अधिकारी
> अडानी(अंबुजा) सीमेंट सयंत्र रवान

नवोदय विद्यालय चयन प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न

भटगांव/नवप्रदेश। नगर के कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव में नवोदय विद्यालय चयन प्रतियोगिता परीक्षा संचालित किया गया । सुबह 9 बजे से पालक अपने अपने बच्चों को लेकर स्कूल के पास खड़े नजर आये। जहां 225 छात्र छात्राओं की कुल संख्या रही और चयन परीक्षाके लिए उपस्थित 149 परीक्षार्थी शामिल हुए तथा 76 छात्र छात्राएंअनुपस्थित रहे नवोदय विद्यालय प्रतियोगिता प्रतियोगिता परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुआ । जहां नवोदय विद्यालय पर्यवेक्षक- प्रमोद कुमार ने बताया की 225 कुल छात्र छात्राएं है। जिसमें 149 उपस्थित रहे तथा 76 अनुपस्थित रहे

बातों...बातों...में..! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

विभाग का पैसा टॉयलट में...

सूबे का निजाम क्या बदला खर्च भी एक से बढ़कर एक चीजें खरीदने में होने लगा है। इसकी शुरुआत

पीडब्ल्यूडी से हो चुकी है। बीजेपी को हटाकर जब कांग्रेस सत्ता में आई थी तब सरकारी बंगलों में बाथरूम, टॉयलेट से लेकर ड्रॉइंग और बैडरूम तक में बेहिसाब नॉन एसओआर आयटम जड़ दिए गए। मज़े की बात यह कि महज़ 5 साल में फिर सत्ता बदल गई और दोबारा मंत्री बंगलों में वही सब महंगे हार्डवेयर लगाए जा रहे हैं। बातों ही बातों में पीडब्ल्यूडी का मस्टररोल स्टाफ बोल गया कि नए मंत्री को पुराने का टॉयलेट स्टायल पसंद नहीं। बताते हैं 40 हजार रुपये कीमत का कंबोर्ड उखाड़कर नए मंत्री की पसंदीदा बैठकी के लिए फेवरेट रंग तक का ख्याल रखा गया है। शॉवर, नल, ऐसी, सोफे और फर्नीचर तक मिटटी के मोल बेच दिए जायेंगे।

दाऊ जी का स्टाफ तृप्त...

पांच साल दाऊ जी ने जनता और अपनों का कितना ख्याल रखा यह बहस का विषय है, लेकिन

दाऊ के वर्तमान स्टाफ की जेब से लेकर पेट तक भरा हुआ है। दाऊ जी से उनका परिचालक स्टाफसबसे ज्यादा खुश है। समय पर स्पेशल चाय, भरपेट नाश्ता और दो वक्त का सुस्वादु भोजन अब तक सिर्फबस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा अपने स्टाफ को देते थे और अब दाऊ जी अपने निचले स्टाफ के प्रति वही संवेदनशीलता बरत रहे हैं। बातों ही बातों में काफिले के सबसे अनुभवी परिचालक ने खुलासा किया कि भोजन ही नहीं बल्कि जर्सी गाय का शुद्ध दूध और उसकी चाय, उपमा, इडली, पोहा, भोजन जितना दाऊ जी अपने स्टाफ को खिलाते हैं, शायद ही उतना कोई राजनेता किसी का ख्याल रखता होगा। आधे स्टाफ महाराजा साहब के भी हैं जो अब दाऊ जी से अटैच हैं।

गुरु से महंगी कार में चेले...

कांग्रेस और कांग्रेसी नेताओं का कोई सानी नहीं। शौक हो या सियासी काबिलियत गुरु को भी चेले

पछाड़ देते हैं। पूरे पांच साल सूबाए सदर रहने वाले के पास भी 2 करोड़ की कार है और कुंभ राशि वाले दो चेलों के पास भी इतनी ही महँगी लक्ज़री कार है। डिफेंडर में चल रहे दोनों चेलों में से एक तो श्रम कल्याण बोर्ड में इतनी मेहनत किया कि ब्लैक सफारी गिफ्ट कर दिया। भले ही आबकारी मंत्री ने महंगी गाड़ियां नहीं खरीदी लेकिन उनकी परछाई बनकर साथ घूमने वाला चिकना नेता जरूर 58 लाख की बड़ी गाड़ी की सवारी आज कर रहा है। श्रम कल्याण वाला तो दोनों हाथों से पैसा अब भी लुटा रहा है और पतली लंबी वाली विदेशी सिगरेट भी ऐसे बांटता है जैसे उसने सिगरेट कंपनी खरीद लिया हो। खर्चा, जलवा और महंगे शौक देखकर असंतुष्ट साथी नेता मुंह पर बोलने लगे हैं... कि 5 साल तो इन्हीं की सरकार थी।

देर रात ही ट्रांसफर, पोस्टिंग क्यों...

पिछली सरकार की तरह विष्णुदेव सरकार भी देर रात ट्रांसफर, पोस्टिंग क्यों कर रही है? यह एक बड़ा सवाल है। दाऊ जी भी टॉप की पोस्टिंग,

प्रमोशन और ट्रांसफर लिस्ट देर रात ही जारी कर रहे थे। शायद, वक्त की दरकार थी खामोशी से अपनों को सटीक जगह बिठाने का बिला परेशानी यही एकमात्र तरीका था। वैसे भी कांग्रेस में सभी नेता थे, लेकिन हालात कमोबेश अब भी वैसे ही लग रहे हैं। मंत्री समझ नहीं पा रहे उससे पहले ही उनको संगठन और संघ की पसंद थोप दी जा रही है। जो मंजे हुए पुराने खिलाड़ी हैं वो लोकसभा तक प्रतीक्षारत लग रहे हैं। मजाल है कि कोई अपने खास की पैरवी कर दे, फ़िलहाल चल तो मुख्यमंत्री की रही है। खामोशी से सब फैसले परवान चढ़ रहे हैं और जो बोल बच्चन बन रहे थे वो सामाजिक सत्कार में व्यस्त हैं। बस दो पुराने मंत्री ही तैयारियां कर चुके हैं गोटियां भी फिट है पुराने चाहने वाले किराये से राजधानी में डेरा भी जमाये हुए हैं।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें।

केक से बनाया 21 किलो का राम मंदिर, चॉकलेट से बनाई सीढ़ियां

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में आज राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को यादगार और खास बनाने के लिए सभी अपने अपने तरीके से जुटे हैं। इसी तरह रायपुर के एक बेकरी शॉप में रखा वहां पहुंचने वालों का ध्यान खींच रहा है। इस केक को राम मंदिर की तरह डिजाइन किया गया है। इसे चॉकलेट, कोकोनट पाउडर जैसी शाकाहारी खाद्य पदार्थ से तैयार किया है। इसे बनाने में करीब 7 दिन लगे हैं। 21 किलो वजन के इस केक को 3 लोगों ने मिलकर तैयार किया है। संचालक ने बताया कि इसे सिर्फदर्शन के लिए रखा गया है और बाद में इसे विसर्जित कर दिया जाएगा। बेकरी के ओनर देवेंद्र साहू ने बताया कि 14 जनवरी को हमने राम मंदिर की प्रतिकृति को बनाने की शुरुआत की। इसे बनाने में 3 लोग लगे थे रोजाना 7 से 8 घंटे डिजाइन और स्ट्रक्चर तैयार करने में लगते थे। धीरे धीरे इसे मन्दिर के रूप में तैयार किया गया।

पूरे शाकाहारी खाद्य पदार्थ से बना

देवेंद्र साहू ने बताया कि राम मंदिर बनाने में सभी खाद्य पदार्थ शाकाहारी इस्तेमाल किया गया है। फाउंडेंट, जेल और कोकोनट पाउडर से तैयार करना चैलेंजिंग था। शुरुआत में मंदिर के डिजाइन और शेप बनाने में दिक्कत आ रही थी लेकिन बाद में स्टेप में काम किया गया। पहले पिलर को लगाया गया उसके बाद उस पर का स्ट्रक्चर तैयार किया गया। अयोध्या में जिस तरह राम मंदिर की सीढ़ियां तैयार की गई है उसी तर्ज पर चॉकलेट से सीढ़ियों को बनाया गया है। इसके साथ मंदिर में कलश, शेर और हाथी, धनुष बाण भी तैयार किया गया है।

कांग्रेस भवन में हुआ हनुमान चालीसा पाठ

रायपुर के गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन के पास हनुमान मंदिर में कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। सोमवार को भी कांग्रेस नेता सभी जिलों में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और राम चरित्र मानस का पाठ करेंगे। रविवार को इस कार्यक्रम में नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे, जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। कांग्रेस के नेता आज माता कौशल्या के चंदखुरी स्थित मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी में हैं। रायपुर जिले में होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे। सोमवार कांग्रेस के आयोजन के अलावा रायपुर में कई और आयोजन किए गए हैं। इसमें राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

मंदिर में राम जानकी मूर्ति

केक, चॉकलेट से तैयार की गई राम मंदिर की प्रतिकृति बनाने के बाद उसे लाइट से सजाया गया है। इसके साथ ही मंदिर के अंदर राम दरबार मूर्ति स्थापित की गई है। जिसमें श्रीराम भगवान के साथ सीता माता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी मूर्ति है। देवेंद्र साहू ने बताया सभी जगह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव की तैयारी चल रही है हम बेकरी के व्यवसाय से जुड़े हैं इसलिए, हमें बेकरी आइटम से राम मंदिर बनाने का आइडिया आया। राम मंदिर को दुकान में आने वाले सभी लोग पसंद कर रहे हैं। आने वाले राम मंदिर की प्रतिकृति दुकान में ही लगे रहेंगी। बाद में इस मंदिर को नदी में विसर्जित कर दिया जाएगा।

उस्ताद पहलवान स्व. कन्हैयालाल कसार का सपना साकार

रायपुर/नवप्रदेश। 14 नवम्बर 1992 विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री अशोक सिंघल के नेतृत्व में सप्रे शाला मैदान में महती आमसभा के पश्चात् राम जन्म भूमि आंदोलन में स्व. रामाराव जी नायडू, शान्ताराम सराफ1, स्व. पढ़री राव कृदत के साथ सत्तीबाजार बजरंग व्यायाम शाला के उस्ताद पहलवान स्व. कन्हैयालाल कसार ने राम जन्मभूमि के लिए आंदोलन किये जिनका सपना आज साकार हो गया। यह जानकारी उस्ताद पहलवान स्व. कन्हैयालाल कसार के सुपुत्र कमल कसार ने दिया एवं कमल कसार ने 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर देश वासियों को शुभकामनाएं भी दी।

अरुण साव प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे बिलासपुर से मुंगेली जिले के लोरमी के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर 12 बजे लोरमी में अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव शाम चार बजे लोरमी से बरेला के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम पांच बजे बरेला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम छह बजे बरेला से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। श्री साव शाम साढ़े छह बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। वे बिलासपुर में रात्रि विश्राम करेंगे।

सुंदर नगर में निकली शोभायात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। आज सारे देश में उत्साह, उमंग जोश, आनंद उमड़ रहा है, प्रभु राम अयोध्या में 22 जनवरी को विराजेंगे, इसी तारतम्यता में सुंदर नगर के नागरिक ने स्वस्फूर्त शोभा यात्रा का आयोजन किया सुंदर रथ में रामजी की तस्वीर सजाई गई ढ़ोल नगाड़े एवं श्री राम के नारों से आकाश गुंजायमान हो रहा था, लगभग 5-6 किलोमीटर यात्रा चली, जगह जगह पर लोगों ने यात्रा का स्वागत किया, रामजी की पूजा कर आर्शीवाद लिया, उन्हें प्रसाद भी दिया गया, यात्रा के दौरान रथ सुंदरनगर के बजरंगबली मंदिर गया, जहां पुजारी जी ने रामजी की पूजा की, एवं उपस्थित नागरिकों को आशीर्वाद दिया, इस शोभा यात्रा में मां कि गोद के बच्चे से लेकर 70 वर्षीय बुजुर्गों ने उत्साह दिखाया लगभग 100 नागरिग जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे शामिल थे मुख्य रूप से यशवंत अग्रवाल जी संचालक विश्वभारती आटोमोबाइल, सुनील जैन, शशांक शर्मा, इंदिरा जैन, सिद्धार्थ जैन, सुनील जैन, श्रेयांस, अयांश, रियाशा, पुष्पा, निर्मला, अंकिता, दिशा, शुभा शर्मा, कविता, अक्षत, डिकेश्वरी देवांगन आदि शामिल हुए7 अंत में सभी को प्रसाद वितरण कर शोभा यात्रा सानंद संपन्न हुई।

कौशल्या धाम चंदखुरी में आज भव्य रामोत्सव का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर चंदखुरी स्थित कौशल्या धाम में 22 जनवरी की संध्या को रामोत्सव का भव्य आयोजन होगा। संस्कृति और पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य और सांसद श्री सुनील सोनी के अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार मानस गायन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे भव्य रामोत्सव का आयोजन माता कौशल्या धाम परिसर में शाम 5:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस मौके पर विशेष डाक टिकिट विमोचन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार राकेश तिवारी एवं साथी द्वारा राम वन गमन नृत्य नाटिका की प्रस्तुति कार्यक्रम में देंगे। इसके अलावा गोपा सान्याल एवं साथी द्वारा राम भजन, अल्का चंद्राकर एवं साथी द्वारा भजन, जसगीत एवं लोकगीत के साथ ही अनेक मानस मंडली द्वारा मानस गायन प्रस्तुत किए जाएंगे।

शबरी, जटायु आदि के निःस्वार्थ कार्यों से सभी को प्रेरणा लेना चाहिए : टंकराम

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा आज धरसींवा विकासखंड के ग्राम जरौदा में आयोजित भक्त गुहा राज की जयंती में शामिल हुए। श्री वर्मा ने है भारत के राम जागो में तुम्हे जगाने आया हूं, वाक्य से सम्बोधन प्रारम्भ करते हुए कहा कि भारत में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति श्रीराम के चरित्र को भलीभांति जानता है। रामायण के पात्र निषाद राज, शबरी,जटायु आदि के कार्यों से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। राम के भक्त और सेवक गुहा राज आज सभी के निःस्वार्थ कर्म करने का प्रेरणास्त्रोत हैं। आज के समय में मानवता की सेवा ही परम धर्म है। कार्यक्रम में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि भगवान राम को नदी पार कराने वाले निषाद समाज अन्य समाज के लिए निःस्वार्थ कार्य करने की प्रेरणा देने वाला समाज है। वर्तमान में सरकार अपने नीतियों के अनुरूप जनता को दिए गए वचन को लगातार पूरा करते जा रही है।

रायपुर-दुर्ग सहित प्रदेश में हुई झमाझम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रायपुर, दुर्ग सहित कई जिलों में रविवार को झमाझम बारिश हुई। रात करीब 3 बजे से शुरू हुआ बारिश का दौर रुक-रुककर सुबह 9.30 बजे तक जारी रहा। इसके बाद मौसम हल्का खुला, लेकिन धुंध की चादर ओढ़े हुए है।आसमान में बादल छाए हैं और ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, सरगुजा संभाग में ठंड और बढ़ सकती है। अगले 24 घंटे में पारा 2 से 3 डिग्री और नीचे जा सकता है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण आज भी आंशिक रूप से बादल रहने की संभावना है। इससे पहले शनिवार को भी प्रदेश के कई जिलों में सुबह 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा था। रायपुर, बिलासपुर दुर्ग जिले में बादलों के कारण दिन का तापमान 4 से 7 डिग्री कम रहा। प्रदेश में बलरामपुर 7.1 डिग्री के साथ सबसे ठंडा और दंतेवाड़ा 29.2 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। भाठागांव स्थित बिन्नी बाई सोनकर स्कूल के पास दो युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र प्रजापति 35 वर्ष आनंद विहार भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी बिन्नी बाई सोनकर स्कूल के तरफ गया था, तभी आरोपी परिहार अपने दोस्त के साथ आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 94, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी ने किया नव गुरूकुल कैंपस का अवलोकन

रायपुर/नवप्रदेश। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान रायपुर जिला प्रशासन के सहयोग से फुंडहर में संचालित नव गुरुकुल संस्थान में निःशुल्क सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अंचल की छात्राओं से मिलीं। प्रशिक्षणरत छात्राओं से चर्चा करते हुए धनखड़ ने नई सोच के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा से जुड़ने व आधुनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज सेवा हेतु सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्टेट डायरेक्टर पद्मिनी भोई साहू भी साथ थीं। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अंचल की छात्राओं को कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग की निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने संचालित किए जा रहे रायपुर के इस आवासीय संस्थान की गतिविधियों की उन्हें विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती धनखड़ ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अंचल के जरूरतमंद परिवारों को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर बेहतर भविष्य देने के प्रयासों के लिए, रायपुर जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना की। उनके आगमन पर उत्साहित छात्राओं ने उन्हें स्व-हस्त निर्मित आभार पत्र भी भेंट स्वरूप प्रदान किया।

प्रतिबंधित टेबलेट एवं सीरप के साथ एक युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। डीडीनगर पुलिस ने इंद्रप्रस्थ कालोनी फेस-2 में दबिश देकर प्रतिबंधित नशीली दवाई एवं सीरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 400 नग नाइट्रोजन टेबलेट और 111 नग कफ सीरप जब्त किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इंद्रप्रस्थ कालोनी फेस-2 में एक युवक प्रतिबंधित टेबलेट व कफसीरप खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सज्जाद हुसैन 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 400 नग नाइट्रोजन टेबलेट और 111 नग कफ सीरप जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

शराब तस्करी करते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा पुलिस ने छड़िया रोड ईट भट्ठा के पास बाइक से अवैध शराब ले जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक और 33 पाव देशी शराब जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छड़िया रोड ईट भट्ठा के पास बाइक से अवैध शराब ले जाते आरोपी आगेश्वर बांधे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 35 पाव देशी शराब व बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। डीडीनगर पुलिस ने चंगोराभाठा यादवपारा में चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चंगोराभाठा यादवपारा में दबिश देकर चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए आरोपी जागेश्वर साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

'चेंबर प्रीमियर लीग टूर्नामेंट' की विजेता बनी ऑफ फार्मा एसोसिएशन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फ इनल मुकाबला छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफइंडस्ट्रीज एवं कान्फेडरेशन ऑफ फ ार्मा डीलर्स एसोसिएशन के बीच हुआ जिसमें फ ार्मा डीलर्स एसोसिएशन ने गौरवशाली जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। दोनो टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कान्फेडरेशन ऑफ फ ार्मा डीलर्स एसोसिएशन के निक्की ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 56 रनों की पारी खेली एवं 3 ओवर में 3 रन देकर सामने वाली टीम के 3 विकेट लिये जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफद मैच, बेस्ट बेटर, बेस्ट बॉलर सहित बेस्ट फ ील्डर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए मैन ऑफ द सीरीज सानिध्य हुरकत, बेस्ट बेटर ऑफ टूर्नामेंट धैर्य मंधान, बेस्ट बॉलर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब सौरभ मोहता को दिया गया एवं पुरस्कार दिये गये। फ ाइनल मैच में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने खेल समिति द्वारा स्वर्गीय विजय होतवानी की स्मृति में आयोजित टूर्नामेंट की प्रशंसा की। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार राशि सहित बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा खिलाड़ियों को मेडल पहनाया।

आज कोटा में ग्यारह लाख दियों के साथ भगवान राम की भव्य आरती

■ आतिशबाजी करने कलकत्ता से पहुंचेंगे कलाकार, झांकी में राम भक्त हनुमान चिरेंगे सीना

रायपुर/नवप्रदेश। 22 जनवरी को जब आयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी ठीक उसी समय छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर के कोटा स्थित राम कथा कार्यक्रम स्थल पर समाजसेवी बसंत अग्रवाल की अगुवाही में लाखो श्रद्धालुओं द्वारा शाम 6 बजे 11 लाख दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम की महाआरती की जाएगी, इस दौरान कलकत्ता से आए कलाकारों द्वारा रंगबीरंगी आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया की महाआरती के पश्चात राम भक्त हनुमान द्वारा सीना चीरकर भगवान राम एवं माता सीता की भव्य झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा श्री राठी ने बताया की कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।

राज्यपाल ने दीप दान करने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश एवं प्रदेश के नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि ऐतिहासिक एवं बहुप्रतीक्षित श्रीराम लला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का समारोह पवित्र अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर को मनाने के लिए मेरा आग्रह है कि आप अपने घरों में उत्सव मनाएं और दीप जलाएं, रोशनी करें और दीपदान करें। स्थानीय मंदिरों में भी समारोह आयोजित करें। इस प्रकार से हम इस पवित्र अवसर पर श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा और उत्साह प्रदर्शित करें। ऐसे सामूहिक प्रयासों के माध्यम से हम एकता और सद्भावना को बढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं। राज्यपाल ने आम जनता से अपील की है कि इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए हम एकजुट हों। भगवान श्री राम का आशीर्वाद हमारे देश और हम सबके जीवन में खुशी, समृद्धि और शांति लाए।

युवक से 16 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। छेरीखेड़ी बैंक ऑफ बड़ौदा में साउथबेस इंटरनेशन रियलटी कंपनी में काम करने का झांसा देकर 16 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिर हसौद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेश साहू 29 वर्ष छेरीखेड़ी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी टेलीग्राम ग्रुप में साउथबेस इंटरनेशन रियलटी कंपनी के एडमिन चित्रा व अन्य ने प्रार्थी को कंपनी में निवेश करने पर अच्छा कमिशन देने का झांसा देकर यूपीआई एवं आरटीजीस के माध्यम से प्रार्थी से 16 लाख 2 हजार 700 रुपए ऐंठ लिया।





फिल्म जोरम सिनेमाघरों में एक बार फिर हुई रिलीज

दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज किलर सूप को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म 11 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और इसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हो रही है।इससे पहले मनोज को फिल्म जोरम में देखा गया था, जो पिछले साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी, लेकिन फिल्म को दर्शक नसीब नहीं हुए।अब जोरम को 19 जनवरी को एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। मनोज ने बताया कि दर्शकों की मांग पर जोरम फिर सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है।उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, लोकप्रिय मांग पर, दसरू की मनोरंजक कहानी एक बार फिर आपके रोंगटे खड़े कर देने के लिए वापस आ रही है।

सनी सिंह स्टारर फिल्म रिस्की रोमियो में मोनिका चौधरी निभाएंगी अहम भूमिका

एट्रेस मोनिका चौधरी, जिन्हें रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में देखा गया था, वह एटर सनी सिंह की अपकमिंग कॉमिक ट्रेजेडी रिस्की रोमियो में अहम रोल निभाने के लिए तैयार हैं।

फिल्म अबीर सेनगुप्ता द्वारा लिखित और निर्देशित है, जिन्होंने पहले कियारा आडवाणी-स्टारर इंदु की जवानी का निर्देशन किया था और राधिका आप्टे-स्टारर मिसेज अंडरकवर का निर्माण किया था। अपने रोल के बारे में मोनिका ने कहा, फिल्म में मेरा लुक भी मेरे द्वारा किए गए बाकी सभी कामों से काफी अलग है। जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट और करेक्टर सुना, तो मैं तुरंत फिल्म के नेचर और मेरे करेक्टर के अप्रत्याशित होने से हैरान रह गयी। सनी अद्भुत को-एक्टर हैं और मुझे रिस्की रोमियो की शूटिंग में बहुत मजा आया। अब मैं इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।

फिल्म में कृति खरबंदा भी हैं।

एक्टर सनी सिंह ने कहा कि उन्हें मोनिका के साथ काम करना बहुत पसंद है, वह सेट पर उत्साह के साथ आती हैं।

सनी ने कहा, जिस पैशन के साथ वह अपने किरदार में डूब जाती हैं वह अद्भुत है। हमारी तैयारी के दौरान उनके साथ रीडिंग करते समय मुझे पता था कि उनके साथ शूटिंग करने में बहुत मजा आने वाला है और मैं इस बात से बेहद खुश हूं कि मोनिका रिस्की रोमियो में सबसे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में से एक में है।

निर्देशक अबीर सेनगुप्ता ने कहा कि मोनिका की भूमिका के लिए कास्टिंग बेहद मुश्किल थी, लेकिन उन्होंने किरदार को समझकर इसमें बहुत गहराई जोड़कर फिल्म निर्माता को वास्तव में सरप्राइज कर दिया।

खूबसूरत साड़ी पहन इठलाईं पलक तिवारी, साड़ी में भी लगीं बोल्ड तो कायल हुए फैंस

पलक तिवारी वर्तमान में इंटरनेट की नई सेंसेशन बन चुकी हैं. कई यूजिक वीडियो और सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में भी डेयू कर चुकीं पलक अच्छी-अच्छी एट्रेस को भी अपने लुक और बोल्डनेस से पीछे छोड़ रही हैं. पलक तिवारी टीवी की खूबसूरत एट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी अपनी मां की ही तरह खूबसूरती और बोल्डनेस में किसी भी बड़ी एट्रेस से कम नहीं हैं

बल्कि पलक तो अपनी मां से भी आगे निकल चुकी हैं. पलक तिवारी ने डीपनेक ब्लाउज में काफी कातिलाना पोज दिए हैं. तस्वीरें देख फैंस पोस्ट पर कमेंट की बारिश कर रहे हैं. कोई उन्हें बोल्ड बोल रहा है तो कोई हॉट, किसी को एक्ट्रेस खूबसूरत नजर आ रही हैं तो किसी को गॉर्जियस. पलक तिवारी अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपनी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने खूबसूरत साड़ी पहन कुछ तस्वीरें शेयर किए हैं, जिनमें वह काफी बोल्ड नजर आ रही हैं. लाइट ग्रीन कलर की साड़ी और डीपनेक ब्लाउज में पलक तिवारी का देसी बोल्ड लुक फैंस को काफी ज्यादा पसंद आ रहा है. तस्वीरों को एक्ट्रेस ने हार्ट एमोजी के साथ शेयर किया है. ओपन हेयर और न्यूड मेकअप में एक्ट्रेस की खूबसूरती में और ज्यादा निखार देखने को मिला है. पोस्ट के कमेंट बॉक्स में यूजर्स तो उन्हें सो प्रिटी और क्यूट गर्ल भी बुला रहे हैं. बता दें कि पलक तिवारी कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं और सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में भी डेब्यू कर चुकीं हैं।

इंडियन पुलिस फोर्स रिव्यु: एक्शन और रोमांच देने की कोशिश में हल्का सा चूक गए रोहित शेट्टी

रोहित शेट्टी की पहली ओटीटी सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स अमेजन प्राइम पर 18 तारीख को रिलीज हो चुकी है. ये सीरीज रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का ही हिस्सा है, जिसमें पहले से ही सिंहम, सिम्बा और सूर्यवंशी शामिल हैं.

तो चलिए जानते हैं कैसी है ओटीटी पर रिलीज हुई इंडियन पुलिस फोर्स? कहानी देश के अलग-अलग शहरों में बम धमाके के पीछे के मास्टरमाइंड की हंटिंग की है. दिल्ली, जयपुर, गोवा जैसी जगहों में सीरियल बम ब्लास्ट करने वाले टेररिस्ट ग्रुप को पकड़ने दिल्ली पुलिस के सबसे बेहतरीन पुलिस ऑफिसर्स एक साथ आते हैं. कहानी देश में धर्म के नाम पर फैल रही नफरत और दंगों का दर्द दिखाने की भी है. टेररिस्ट्स को पकड़ने की ये जंग सिर्फ इंडिया ही नहीं, इंडिया के बाहर तक जाती है.

सीरीज की कहानी सीधी-सीधी है. कहानी में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो पहले न देखा गया हो. ऐसी कहानियों पर इसके पहले भी कई बॉलीवुड फिल्में बन चुकी हैं. सीरीज की खासियत रोहित शेट्टी इफेक्ट है. जिसकी वजह से 7 एपीसोड की ये सीरीज देखने लायक बन जाती है. धर्म और कौम के नाम पर युवाओं को भटकाने वालों को बेनकाब करने की कोशिश की गई है. पूरी सीरीज में मैसेजेस की भरमार है. कुल मिलाकर सीरीज कौमी एकता का मैसेज एक्शन के तड़के के साथ देती है.

कैटरीना कैफ की फिल्म मेरी क्रिसमस का संघर्ष जारी, लागत निकालना हुआ मुश्किल

बॉक्स ऑफिस के लिए बीता साल काफी शानदार रहा। अब नए साल के शुरुआती महीने में 3 बड़ी फिल्में रिलीज हुई हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं।हालिया रिलीज फिल्मों में तेजा सज्जा की हनुमान, महेश बाबू की गुंटूर कारम और कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की मेरी क्रिसमस शामिल हैं।हालांकि, हनुमान और गुंटूर कारम ने कमाई के मामले में मेरी क्रिसमस को पछाड़ दिया है। यह फिल्म शुरुआत से दर्शकों के लिए तरस रही है। अब मेरी क्रिसमस की कमाई के 7वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें गिरावट देखने को मिली। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले गुरुवार 1.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 14.87 करोड़ रुपये हो रहा है।

अजय देवगन की हॉरर थ्रिलर शैतान की रिलीज डेट का हुआ ऐलान, सामने आया फिल्म का पहला पोस्टर



साल 2024 में अजय देवगन के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं जिनमें वो अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने वाले हैं. हाल ही में रेड के सीक्वल को लेकर अपडेट आई थी कि फिल्म में इस बार वानी कपूर नजर आएंगी. अब एक्टर की नई फिल्म शैतान का पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ गई है. अजय देवगन ने अपने चाहने वालों को एक सरप्राइज दिया है. उन्होंने अपनी आगामी फिल्म का एलान किया है. फिल्म का टाइटल है शैतान. फिल्म का फर्स्ट लुक इसके टाइटल से एकदम मैच करता है. इस फिल्म का निर्देशन क्वीन, सुपर 30 और लूटेरा जैसी फिल्में बना चुके विकास बहल कर रहे हैं. सुपरनेचुरल जॉनर की फिल्म शैतान के पोस्टर के साथ-साथ रिलीज डेट का भी एलान किया गया है. शैतान इसी साल थिएटर्स में धमाल मचाने के लिए तैयार है. फिल्म 8 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. फिल्म का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक कर रहे हैं. अजय देवगन के पास लाइन में कई बड़ी फिल्में हैं, जो 2024 को रिलीज होंगी. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि 2024 अजय का साल होने वाला है. शैतान के अलावा वह सिंघम 3, रेड 2, औरों में कहां दम था और शराबी है. सिंघम 3 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार और दीपिका पादुकोण अहम भूमिका में दिखाई देंगे. रेड 2 की भी शूटिंग शुरू हो गई है. इस फिल्म में अजय देवगन, रवि तेजा और नोरा फतेही के साथ नजर आएंगे. यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को रिलीज होगी. वहीं, तब्बू के साथ औरों में कहां दम था 26 अप्रैल 2024 को थिएटर्स में दस्तक देगी.


!! रामो विग्रहवान् धर्मः !!
भगवान श्री राम के ननिहाल और
माता शबरी की भूमि छत्तीसगढ़ से अयोध्या में
श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा
महोत्सव की अनंत शुभकामनाएँ...
वनवासी माता शबरी और
भगवान श्री राम के अगाध प्रेम की
साक्षी छत्तीसगढ़ की भूमि ...
भगवान
श्री राम की पवित्र
स्मृतियों को
सहेजने और संवारने को
कृत संकल्पित है
छत्तीसगढ़ की विष्णु देव
सरकार।
संवाद - 39425
सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री, भारत
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क